तापमान

अधिकतम 26.6 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 15 दिसंबर 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]




कस्तूरबा नगर में फैला कचरा, नहीं हो रही सफाई

## खबर संक्षेप

### सर्द हवाओं की रफ्तार धीमी, ठंड हुई कम

**बिलासपुर।** उत्तर से आ रही सर्द हवाओं का कहर अल्प काल के लिए कम हुआ है। यही कारण है कि सर्दी के सितम अब नर्म पड़ने लगे हैं। शाम और सुबह के समय ठंड में कमी आई है लेकिन आगामी दिनों में फिर एक बार सर्द हवाएं हफ्ते भर लोगों को कांपने में मजबूर कर सकती है। उत्तरी हवाओं का प्रकोप कम हो चुका है, इससे लोग राहत की सांस ले रहे हैं। इस दौरान न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री की बढ़त देख गई है और पारा 12.0 डिग्री दर्ज किया गया है। न्यूनतम तापमान में बढ़त का सीधा असर सर्दी पर पड़ रहा है। सुबह और शाम के समय भी लोगों को पहले के तुलना में ठंड कम लग रही है, लेकिन यह कुछ ही समय के लिए है। मौसम जानकारों के मुताबिक जाते-जाते सर्द हवाएं एक बार फिर अपना सितम ढा सकती है। करीब 1 हफ्ते के भीतर कड़ाके के ठंड से लोगों का सामना होगा।

### स्थायी रूप से बंद होगा निपनिया गेट 21 से

**बिलासपुर।** एसईसीआर के रायपुर रेल मंडल में निपनिया रेलवे क्रासिंग में समपार फाटक निपनिया गेट है, जहां आरयूबी रोड अंडरब्रिज का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इसे लोगों के आवागमन के लिए 21 दिसम्बर से शुरु कर दिया जाएगा। इसके शुरु होने के साथ निपनिया गेट का क्रासिंग स्थायी रूप से हमेशा के लिए बंद हो जाएगा।

### ऊर्जा संरक्षण सप्ताह पर तकनीकी संगोष्ठी

**बिलासपुर।** रेलवे में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह पर तकनीकी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि जोन के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश के अलावा प्रधान मुख्य विद्युत अभयंता राजीव कुमार बरनवाल सहित विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी व बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद थे। महाप्रबंधक ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण कोई एक सप्ताह का कार्यक्रम नहीं, बल्कि निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। ऊर्जा दक्ष तकनीकों का उपयोग, नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा और कर्मचारियों की जागरूकता इन्हीं तीन स्त्तंभों पर आधारित होकर रेल वर्ष 2030 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करने के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है।

# 6 साल बाद भी आउटर के 15 गांवों से ऑक्सीजोन गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

शहरों में ग्रीन सिटी पर काम करने का दावा करने वाला निगम 6 साल बाद भी आउटर के 15 गांवों में कहीं भी ऑक्सीजोन तैयार नहीं कर सका है। यही नहीं कालोनियों का नक्शा पास कराने से पहले पेड़ लगाने और उसकी सूचना देने के नियम पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसी कारण शहर में इक्का दुक्का जगहों को छोड़कर कहीं भी पेड़ पौधे और हरियाली नजर नहीं आती। दरअसल एनजीटी का नियम कहता है कि किसी भी शहर के दायरे के 10% हिस्से में ग्रीन बेल्ट होनी चाहिए, बिलासपुर में लेकिन ऐसा नहीं है। शासन के नए नियम के अनुसार प्लांटेशन के आधार पर ही नक्शे पास होने चाहिए। शहर की बात करें तो में हर साल लगभग 2400 नए मकान बन रहे हैं, लेकिन इतने पौधे नहीं लग रहे हैं। कालोनियों में भी इसका पालन नहीं हो रहा है। इधर हर साल वैध और अवैध कालोनियां बढ़ रहीं हैं लेकिन पौधे कहीं भी नहीं लगाए जा रहे, बल्कि काट दिए जा रहे हैं।

गौरतलब है कि निगम में जब 15 गांवों और 3 निकायों को शामिल किया गया तब दावा किया गया था कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऑक्सीजोन बनाए जाएंगे, क्योंकि शहर में जगह का अभाव रहता है, लेकिन गांवों में ऑक्सीजोन बनाए जाने के लिए लैंड की कोई कमी नहीं है। 6 साल में निगम ने किसी भी गांव में ऑक्सीजोन नहीं बनाया जबकि सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन है कि कहीं एक पेड़ कटे तो 10 पौधे लगाया जाना चाहिए। निगम नक्शा तो पास कर देता है कि मौके पर पौधे लग रहे हैं या नहीं, वाटर हार्वेस्टिंग बन रहा है या नहीं, इसकी जांच नहीं की जाती।

### 1300 हेक्टेयर में ग्रीन बेल्ट होना चाहिए पर ऐसा है नहीं

- नियमों में प्लांटेशन के आधार पर ही नक्शे पास होने चाहिए, लेकिन ध्यान नहीं
- हर साल लगभग 2400 नए मकान बन रहे हैं, लेकिन इतने पौधे नहीं लग रहे हैं

### व्यापार विहार से कई हजार पौधे गायब

शहर में पर्यावरण संतुलन के लिए जोर-शोर से ऑक्सीजोन की कवायद शुरू हुई। निगम प्रशासन ने व्यापार विहार में 2 एकड़ जमीन उपलब्ध कराई। योजना के तहत 4 लाख 50 हजार खर्च कर 500 पौधे भी लगाए गए लेकिन सभी गायब हैं। पौधे लगाने के बाद किसी ने ध्यान नहीं किया। पौधों को पानी देने का कोई इंतजाम नहीं किया जा सका। देखा जाए तो पर्यावरण और इसकी सुरक्षा को लेकर हर बार राग अलापा जाता है। बारिश के पूर्व हर तरफ से आवाजें उठने लगती हैं। शासन-प्रशासन भी इसके लिए जोर-शोर से अभियान शुरू करता है। कहीं पौधरोपण, तो पर्यावरण के लिए दौड़ व अन्य आयोजन होतें हैं लेकिन सारा कुछ सिर्फ महीने-दो महीने के लिए ही रहता है। इसके बाद कोई इसकी सुध नहीं लेता। जिम्मेदार लोग तो इस ओर झांकते तक नहीं। नतीजतन, हजारों पौधे नष्ट हो जाते हैं। फिर से वही बंजर भूमि और गर्मी के दिनों में हाल बेहाल कर देने वाला तापमान लोगों को तपाता है।



### पुराने क्षेत्र में 3 प्रतिशत ही था ग्रीन बेल्ट

अधिकारियों के मुताबिक स्मार्ट सिटी के सर्वे के अनुसार पुराने शहर में यानी 66 वार्ड में सिर्फ 3% दायरे में ही ग्रीन बेल्ट था जबकि शहर का दायरा 30 वर्ग किमी था। अब 15 गांवों और 3 निकायों के शामिल होने के बाद शहर का दायरा बढ़कर 137 वर्ग किमी हो गया, इस लिहाज से 1300 हेक्टेयर में ग्रीन बेल्ट होना चाहिए पर ऐसा है नहीं है। इधर आंकड़ों की बात करें तो वर्ष 2017-18, 2018-19 और 2019-20 में जिले में अलग-अलग योजनाओं के तहत वन विभाग, वन विकास निगम से लेकर अन्य विभागों ने 18 करोड़ 47 लाख 74 हजार खर्च कर 15 लाख 11 हजार 524 पौधे लगाए थे, जिसमें कहीं 30%, तो कहीं 50% पौधे ही जीवित है। कई जगहों पर तो पौधे ही नहीं है।

### बड़ी-बड़ी इमारतें और कालोनियां बन रहीं

जानकारों के मुताबिक फिलहाल शहर में तेजी से कांक्रीट सड़क बन रही हैं, बड़ी-बड़ी इमारतें खड़ी हो रही हैं और कालोनियों का निर्माण किया जा रहा है, अपार्टमेंट बन रहे हैं, लेकिन न तो पौधे लगाए जा रहे हैं और न ही वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण किया जा रहा है। शहर की कई कॉलोनियों में भी ग्रीन बेल्ट बनाया गया गया था, लेकिन बाद में बिल्डर कॉलोनाइजरों ने इन पर कब्जा कर अवैध निर्माण करना शुरू कर दिया है। दूसरी ओर हर साल निगम में ढाई हजार आवेदन नक्शा पास कराने के लिए पहुंचते हैं जिसमें आधे से अधिक को स्वीकृति मिलती है लेकिन जितने मकान बने हैं उतने तो पौधे भी नहीं लग रहे हैं। गौरतलब है कि निगम में 5 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इसमें 5 विधायक, एक महापौर और एक सभापति समेत 70 पार्षद और 11 एल्डरमैन हैं, लेकिन शहर में ग्रीनरी बढ़ाने पर शायद ही किसी का ध्यान हो।

### लोगों को किया जा रहा जागरुक

प्लांटेशन के आधार पर ही नक्शे पास होने का नियम शासन ने बनाया है लेकिन यह कालोनियों पर लागू होता है। निजी मकानों के लिए फिलहाल किसी पर सख्ती नहीं है। वाटर हार्वेस्टिंग के लिए लोगों को जरूर जागरूक किया जा रहा है। पिछले पांच महीनों में किसी भी कालोनी को भवन अनुज्ञा नहीं दी गई है। ग्रीन बेल्ट बढ़ाने पर लगातार काम किया जा रहा है।

**- अनुपम तिवारी**
भवन शाखा अधिकारी

थाने में लगता है रोज मछली बाजार

# अपराध में सरकंडा प्रदेश में टाप पर, दर्ज किए गए 1737 मामले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस साल भी अपराध के मामले में सरकंडा थाने ने प्रदेश में टाप किया है। इस थाने में दर्ज अपराधों की संख्या 1700 पार हो गई है। क्षेत्र में सर्वाधिक 23 स्लम एरिया होने से रिकार्ड तोड़ अपराध दर्ज हो रहे हैं। प्रतिदिन थाने में रिपोर्ट लिखाने के लिए मछली बाजार लगा रहता है।



वर्ष 2025 में पूरे प्रदेश में सर्वाधिक अपराध सरकण्डा थाने में दर्ज हुए हैं। दिसंबर माह में थाने की अपराधों की संख्या 1726 पार हो गई है। क्षेत्र में अपराध संख्या बढ़ने का मूल कारण एरिया में सर्वाधिक 23 स्लम एरिया है, इसके चलते लगातार क्षेत्र में हत्या, लूट, चोरी, बलात्कार, छेड़खानी, चाकूबाजी जैसे गंभीर अपराध लगातार बढ़ते जा रहे हैं। वर्ष 2025 में क्षेत्र के अशोकनगर मुरूम खदान में एक युवक की चाकू मारकर हत्या की वारदात से हुई थी।

वहीं दूसरे नम्बर पर दुर्ग भिलाई सुपेला थाना है, यहां 1487 अपराध दर्ज हुए हैं। इसी तरह तीसरे नम्बर पर बिलासपुर का सिविल लाइन थाना है, यहां अब तक 1469 अपराध दर्ज हो गए हैं। यहां भी जरहाभाठा मिनीबस्ती, तालापारा, कुदूदण्ड, मंगला जैसे स्लम एरिया होने से सर्वाधिक अपराध दर्ज हो रहे है। इसके अलावा क्षेत्र का एरिया अधिक होने से सभी जगहों पर पुलिस की उपस्थिति दर्ज नहीं हो पाती है। जिससे लगातार अपराध बढ़ रहे हैं।

### खतरनाक हो गए ये इलाके

सरकण्डा क्षेत्र में सर्वाधिक अशोक नगर अटल आवास, रिकांडो अटल आवास, भूकंप अटल आवास, नूतन चौक अटल आवास, हर श्रृंगार अटल आवास, इमलीभाठा, जोगी आवास, अटल आवास जैसे 23 स्लम एरिया है। शहर से झुग्गी झोपड़ी का तोड़कर लोगों को सरकण्डा एरिया में बसा दिया गया है। इन एरिया में सुबह से देर रात तक विवाद, चाकूबाजी की वारदात होती रहती है। इन इलाके आसानी से नशे का सामान उपलब्ध हो जाता है।

### प्रदेश के अपराध में टाप टेन थाना की सूची

| जिला | थाना | अपराध की संख्या |
|---|---|---|
| बिलासपुर | सरकण्डा | 1737 |
| दुर्ग | सुपेला | 1487 |
| बिलासपुर | सिविल लाइन | 1469 |
| जांजगीर | चांपा - जांजगीर | 1088 |
| रायपुर | टिकरापारा | 1006 |
| कोरबा | कोतवाली | 896 |
| रायपुर | खरोरा | 850 |
| राजनांदगांव | कोतवाली | 745 |
| सरगुजा | अम्बिकापुर देहात | 694 |
| रायगढ़ | कोतवाली | 648 |



### अपराधियों पर त्वरित कार्रवाई

सरकण्डा क्षेत्र का एरिया बढ़ा होने से अपराध की संख्या अधिक होती है, सभी मामलों में पीड़ितो की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है और 48 घण्टे के भीतर अपराधियों को पकड़कर जेल भेजा जा रहा है।

**- रजनेश सिंह** एसएसपी

### नहीं खुल पाया मोपका थाना

कांग्रेस शासन काल में मोपका में नया थाना खोलने की घोषणा की गई थी। मोपका पुलिस सहायता केंद्र में नया थाना खोलने की तैयारी कर ली गई थी, किन्तु अब तक नया मोपका थाना शुरू नहीं हो पाया है। नया थाना खोलने से सहायता केंद्र में बल व संसाधन बढ़ेगा। पर्याप्त रात्रि गश्त व पुलिस की उपस्थिति से अपराध में कमी आएगी।

### पेंडेंसी निकालने पर छूट रहा पसीना



सरकण्डा व सिविल लाइन थाना का एरिया अधिक होने से अधिक अपराध हो रहे हैं और थानो में बरसों पुरानी तैनाती चल रही है। पुलिस बल की कमी होने से विवेचक अधिकारियों के पास पेंडिंग मामलों की भरमार हो गई है। दिसंबर माह में सुबह से देर रात विवेचक अधिकारी थाने में तैनात होकर पेंडिंग मामले निकलने में लगे हुए। पेंडेंसी निकाल करने में अधिकारियों का पसीना छूट रहा है।

### कपड़ा गोदाम में आग लगने से मचा हड़कंप

**बिलासपुर।** हैप्पी स्ट्रीट के पास टीन शेड में बने कपड़ा गोदाम में आग लगने से हड़कंप मच गया। शटर खोलकर दमकल के पानी से आग पर काबू पाया गया है। गोदाम में रखा कपड़ा जलकर राख हो गया है।

कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया, 14 दिसंबर की रात 9 बजे शनिचरी रपटा हैप्पी स्ट्रीट के पास टीन शेड में बने एक कपड़ा दुकान के गोदाम के अंदर से लोगों ने आग की लपटे बाहर निकलते देखा। गोदाम में आग लगने से लोगों की भीड़ लग गई। उसके बगल में अन्य दुकानें थीं, जिससे व्यापारियों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस व एसडीआरएफ की टीम दमकल लेकर मौके पर पहुंच गई। शटर खोलकर दमकल के पानी से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। एक घण्टे बाद आग पर काबू पाया गया है।

### आरक्षक भर्ती, चयन प्रतीक्षा सूची जारी

**बिलासपुर।** पुलिस बल आरक्षक संवर्ग भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2023-24 बिलासपुर रेंज क्रमांक 1 के अंतर्गत जिला-बिलासपुर, कोरबा, मुंगेली एवं गोरेला- पेण्ड्रा- मरवाही की चयन सूची/ प्रतीक्षा सूची छत्तीसगढ़ पुलिस की वेबसाइट एवं अन्य समाचार पत्रों में 9 दिसंबर को जारी कर दिया गया था। उक्त चयन प्रतीक्षा सूची में चयनित अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा, व्यापम द्वारा जारी लिखित परीक्षा एवं बोनस अंक का विवरण 14 दिसंबर को छत्तीसगढ़ पुलिस की वेबसाइट एवं कार्यालय पुलिस अधीक्षक, बिलासपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया गया है। अभ्यर्थी उक्त वेबसाइट में अपने शारीरिक दक्षता परीक्षा/व्यापम के द्वारा जारी लिखित परीक्षा एवं बोनस अंक कुल प्राप्तांक अंकों का अवलोकन कर सकते हैं।


जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।


# नाला साफ कर कीचड़ सड़क पर डाला, आवागमन बाधित

**बिलासपुर।** नगर निगम के सफाई कर्मचारियों ने राजेंद्र नगर चौक पर नाले की सफाई की और सारा कीचड़ सड़क पर उड़ेलकर चलते बने। आज तीन दिनों बाद भी कीचड़ सड़क पर ही पड़ा हुआ है। आवागमन के लिए पहले ही काफी संकरे मार्ग में से आधे में कीचड़ उड़ेल देने के कारण लगातार जाम की स्थिति निर्मित हो रही है।



नाला सफाई के नाम पर निगम के कर्मचारी उल्टे गंदगी फैला रहे हैं। सफाई कर्मचारियों द्वारा राजेंद्र नगर चौक पर तीन दिनों पूर्व नाले की सफाई की गई है। सफाई के बाद निकाला गया कीचड़ व गंदगी साथ ले जाने के बजाए कर्मचारियों ने सड़क पर ही छोड़ दिया है। शनिवार तक भी वह गंदगी सड़क पर ही पड़ी हुई है। चौक पर ही गार्डन है, जहां शहरवासियों का कुछ देर स्वच्छ माहौल में समय बिताने के उद्देश्य से बड़ी संख्या में जाना होता है। ऐसे में सड़क पर फैली गंदगी से उल्टे उनका मन खराब हो रहा है।

इसी चौक पर एक बहुमंजिला बिल्डिंग भी बनाई जा रही है, जिसका मटेरियल सड़क पर ही रखा रहता है। पहले से ही बाधित आवागमन को सड़क पर फैली गंदगी ने पूरी तरह बाधित कर दिया है। वैसे तो आवागमन में दोनों ही दिशा के लोगों को दिक्कत हो रही है, लेकिन राजेंद्र नगर चौक से जरहाभाठा की ओर जाने वालों को ज्यादा दिक्कत है। काफी संकरी सड़क पर बायीं तरफ भारी मात्रा में रखे कीचड़ पर पैर लगने या कीचड़ में ही वाहन सहित गिरने का लगातार खतरा बना हुआ है।

### गली-मुहल्लों में भी सफाई के नाम पर ऐसा ही

निगम के सफाई कर्मचारियों द्वारा गली मुहल्लों में भी नाले की सफाई के दौरान गंदगी को समेटकर ले जाने के बजाए वहीं सड़क किनारे छोड़ दिया जाता है। ऐसा बिल्कुल नहीं है कि उनके पास गंदगी समेटकर ले जाने के साधन उपलब्ध नहीं होते। साथ में हाथ गाड़ी होने के बाद भी वे गंदगी उठाकर ले जाना नहीं चाहते। कालोनीवासियों द्वारा तुरंत उठाकर ले जाने की बात कहने पर सूखने के बाद ले जाने की बात कहते हुए तीन से चार दिनों तक के लिए गंदगी वहीं छोड़ दिया जाता है। इधर तब तक रहवासियों को गंदगी व बदबू से हलाकान होना पड़ता है।




## खबर संक्षेप

### डा. सीवी रमन विवि ने कांची को दी पीएचडी की उपाधि



बिलासपुर। डा. सीवी रमन विश्वविद्यालय ने कांची बाजपेयी को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्हें यह उपाधि शोध कार्य मिथ एण्ड माइथोलाजी इन अमिष त्रिपाठी शिव ट्रिलाजी अ- स्टडी के लिए दी गई है। उन्होंने अपना शोध कार्य एसोसिएट प्रोफेसर डा. ओम प्रकाश तिवारी के निर्देशन में पूरा किया है। कांची इमलीपारा निवासी विकास बाजपेयी एवं डा. दुर्गा बाजपेयी की पुत्री है। वे वर्तमान में डीपी विप्र महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक के पद कार्यरत हैं।

### एयू ने दीक्षांत समारोह में ज्योति को स्वर्ण पदक से किया सम्मानित



बिलासपुर। अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर में आयोजित दीक्षांत समारोह में एमएससी फिजिक्स में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने अपने गांव एवं परिवार का नाम रौशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर ज्योति उपाध्याय को स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया गया है। वे ग्राम-परसदा (भ) बिल्हा के पं.कमलकिशोर एवं अन्नुदेवी उपाध्याय की पुत्री हैं।

### छग पत्रकार न्याय कल्याण महासंघ के जितेन्द्र बने जिला अध्यक्ष



बिलासपुर। छत्तीसगढ़ पत्रकार न्याय कल्याण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष तिलक राज सलूजा ने आज जिला बॉडी का गठन किया। इसमें जितेंद्र सिंह ठाकुर को जिला अध्यक्ष बनाया गया है। संरक्षक विजय ओझा, केशव शुक्ला, सुधीर खंडेलवाल,उपाध्यक्ष के लिए मनोज दुबे, राजेंद्र सिंह ठाकुर, पवन सोनी, ऋतु साहू, कृष्णा सिंह ठाकुर को बनाया गया। वहीं महासचिव विजय क्रांति तिवारी को नियुक्त किया गया। कोषाध्यक्ष मधु शर्मा, संगठन सचिव मनोज पुरोहित, अशोक व्यास, रज्जू कोशले, रवि शुक्ला, काजल किरण और संयुक्त सचिव अश्वनी ठाकुर, तिरिथ राम लहरें, नियति ओझा, शिवा गोरख, राकेश मिश्रा बनाए गए हैं। कार्यकारिणी सदस्यों में मोहन मदवाणी, रविराज शर्मा, भूपेंद्र नारायण नवरंग, मनोज सिंह ठाकुर, विजय सिंह ठाकुर, विवेक सराफ, दिनेश कौशिक, हरिकिशन गंगवानी, जगदीश मिश्रा, शिव कुमार तिवारी, प्रशांत सिंह ठाकुर, शिवनंदन शुक्ला, अंशुल अवस्थी, राजेश श्यामनानी, ओमप्रकाश ओझा, उज्वल यादव की नियुक्ति की गई

### भरनी में तीन दिवसीय गुरु घासीदास मेला महोत्सव 18 से




बिलासपुर। भरनी अमृत कुंड में तीन दिवसीय गुरू घासीदास विशाल मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेला आयोजन समिति के पंडित उमादत्त घिलहरे ने बताया है कि ग्राम परसदा, पेण्डारी के त्रिकोण स्थल सतधाम अमृत कुण्ड तपोभूमि भरनी में 18 दिसम्बर से 20 दिसम्बर तक तीन दिवसीय परम पूज्य बाबा गुरुघासीदास के शक्ति से अमृत कुण्ड उत्पन्न होने से 54 वॉ विशाल मेला एवं जंयती महोत्सव हर्षोउल्लास पूर्वक मनाया जा रहा है। मेला अध्यक्ष पंडित उमादत्त घिलहरे ने बताया कि तीन दिवसीय इस महोत्सव में अंचल के कोने कोने से हजारों पंथी नृत्य कलाकारों का दल भाग लेगें। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पंथी नृत्य कलाकारों के दल को समिति द्वारा सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, विधायक धरमजीत सिंह, विधायक पुन्नूलाल मोहले, सतनामी समाज के प्रमुख राजमहत, जिला महंत, जनप्रतिनिधि सतधाम अमृत कुण्ड, जैतखाम का पूजा अर्चना कर पूर्ण लाभ प्राप्त करेंगें।

### एसईसीएल सीएमडी ने सपत्नीक किया पौधरोपण, लिए सुरक्षा का संकल्प



बिलासपुर। एसईसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन एवं श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्ष शशि दुहन ने अरपा किनारे पौधरोपण किया। इस अवसर पर पॉलिथीन के बहिष्कार के साथ कपड़े की थैली नियमित उपयोग करने का संकल्प लिया गया।
इस अवसर पर अध्यक्ष प्रबंध निर्देशक श्री दुहन ने कहा कि पर्यावरण के क्षेत्र में आप सबके कार्य से मैं बेहद प्रभावित हूं। निश्चित ही आपकी समर्पण भावना इस हरिहर परिक्षेत्र को एक नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर करेगा। पर्यावरण संतुलन के क्षेत्र में हम सबको मिलकर कार्य करना होगा। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि में हरिहर के संरक्षक मंडल से अनिल टाह, डॉ एल सी मढ़रिया, चरणजीत गंभीर, गोविंद राम मिरी, डॉक्टर केके साव, डॉक्टर अरुण अग्रवाल, डॉक्टर हर्ष वर्मा, मदन मोहन गुल्ला, निर्मल घोष, सुनील खंडेलवाल, डॉ. संजय दुबे उपस्थित थे। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉक्टर मढ़रिया ने विगत 5 वर्षों में हरिहर ऑक्सीजोन परिक्षेत्र पर पर्यावरण संतुलन पर हुए कार्यों पर प्रकाश डाला।

### जिले से उमराह शरीफ के लिए रवाना हुए, लोगों ने दी विदाई



बिलासपुर। जिले से उमराह शरीफ के लिए आज शाम 6 बजे रवाना हुए। उमराह शरीफ में जाने वाले में से जूनीलाइन से डॉ. एजाज परवेज, कोनी से जावेद अली, शाजिया अली, तारबहार से गुलाम मोहम्मद, रेहाना बेगम, मेनाज नाहिद, बेनजीर आयशा, एवं हकीम खान, अजीज खान, मो. जमील, मो. आबिद आदि शामिल हैं। इस मुबारक मौके पर स्टेशन में समाज के सैय्यद निहाल, शाहिद मोहम्मद, शैयद मकसूद अली, शकील कुरैशी, मोहम्मद मोईन, आबिद अली, शोहेल खान, मो. अनीस, मोहम्मद इमरान, नसरीन अली, रिजवाना खान आदि ने उन्हें विदाई दी।

**अवैध धान, अवैध बारदाना वितरण** | **कार्यस्थल से अनुपस्थिति व अधिक तौल के मामलों में कार्रवाई**

# धान खरीदी में गड़बड़ी पर चेतावनी नहीं, सीधे कार्रवाई कर दिया बड़ा संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



धान खरीदी की प्रक्रिया में किसी भी तरह की गड़बड़ी न हो इसके लिए प्रशासन द्वारा चौतरफा कार्रवाई की गई है। इसके अंतर्गत अवैध तरीके से धान की खरीदी-बिक्री, अवैध तरीके से किसानों को सरकारी बारदाना वितरण, बिना कारण उपार्जन केंद्रों से कर्मचारियों की अनुपस्थिति जैसे सारे मामलों में चेतावनी दिए बगैर सीधे जब्ती व निलंबन की कार्रवाई कर एक बड़ा संदेश दिया गया है।

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी पंद्रह नवंबर से प्रारंभ है, जिसे अब एक महीने हो चुके हैं। इन एक महीनों में प्रशासन द्वारा विभिन्न मामलों में खरीदी की प्रक्रिया में गड़बड़ी करने वालों को चेतावनी देने के बजाए सीधे कार्रवाई की गई है। इसके अंतर्गत बिचौलियों के द्वारा किसानों से धान खरीदकर किराना दुकानों में रखना व मौका देखकर सहकारी समितियों में खपाने से पहले ही प्रशासन की टीम द्वारा अब तक लाखों रूपए का धान जब्त कर मंडी अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई है।

बीते दिनों एक किसान को उपार्जन केंद्र से बारदाना ले जाते तीन जिला अधिकारियों द्वारा पकड़ा गया था, जिसकी जांच के बाद मामला सही पाए जाने के बाद इस मामले में बगैर चेतावनी दिए सीधे दो कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया था। इसके अलावा पूरे जिले में सरकारी बारदाना किसी भी हालत में किसी किसान को उपलब्ध नहीं कराने के निर्देश दिए गए थे।

### प्रबंधक को किया गया था निलंबित

जिला अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान एक प्रबंधक अपने उपार्जन केंद्र से बिना ठोस कारण के गायब पाया गया था, जिसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया था, ताकि जिले में किसी भी उपार्जन केंद्र में इस तरह की स्थिति निर्मित न हो। इस साल धान बेचने उपार्जन केंद्र आने वाले प्रत्येक किसान की उसके धान लदे वाहन के साथ फोटो लेने व उसे पोर्टल पर अपलोड करने के भी निर्देश हैं, ताकि बिचौलियों द्वारा धान की गलत तरीके से बिक्री न की जा सके। एक मामले में छह वाहनों के सामने एक ही किसान की फोटो खींचकर पार्टल में डालने के मामले में सीधे राज्य स्तरीय डाटा सेंटर से मामले की जांच के संबंध में निर्देश जारी किए गए थे। मौके पर जाने के बाद गड़बड़ी का पता चला था। इन सभी मामलों से यह तो स्पष्ट है कि शासन व प्रशासन द्वारा धान खरीदी की पूरी प्रक्रिया के दौरान कर्मचारियों, अधिकारियों, बिचौलियों व गड़बड़ी करने वाले किसानों को भी चेतावनी देकर छोड़ने के बजाए सीधे कार्रवाई कर बड़ा संदेश दिया जा रहा है।

### महत्वाकांक्षी योजना है

अब तक ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिन पर सीधे कार्रवाई की गई है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सरकार की बड़ी महत्वाकांक्षी योजना है, जो किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए प्रारंभ की गई है। इस पूरी प्रक्रिया में किसी भी व्यक्ति, संस्था या कर्मचारी को नियमविरूद्ध कार्य करते पाए जाने पर सीधे कार्रवाई ही की जानी है। यह प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी।

**-अमृत कुजूर**, खाद्य नियंत्रक

**28 खेल स्पर्धाओं में 250 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया भाग**

# एसईसीएल के नारी खेल महोत्सव में रेड हाउस विजेता, पर्पल हाउस उपविजेता





विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते एसईसीएल के सीएमडी एवं श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्ष। खेल महोत्सव के समापन पर जश्न मनाते खिलाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसईसीएल मुख्यालय में 13 दिसंबर से प्रारंभ दो दिवसीय नारी शक्ति खेल महोत्सव का रविवार को समापन हो गया। वसंत विहार स्पोर्ट्स ग्राउंड में गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में भव्य समापन हुआ। इसमें 28 विभिन्न खेल एवं मनोरंजक स्पर्धाओं में 300 से अधिक महिला प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई।

समापन समारोह के अवसर पर एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन एवं श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्ष शशि दुहन मौजूद थीं। वसंत विहार स्पोर्ट्स ग्राउंड पहुंचने पर मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों का पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। इस अवसर पर एसईसीएल के निदेशक (तकनीकी संचालन) एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास, निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन के साथ श्रद्धा महिला मंडल की उपाध्यक्ष अनीता फ्रैंकलिन, हसीना कुमार एवं विनिता जैन उपस्थित रहीं।

### नारी शक्ति राष्ट्र की वास्तविक ऊर्जा : सीएमडी

एसईसीएल सीएमडी हरीश दुहन ने कहा कि नारी शक्ति किसी भी संगठन और राष्ट्र की वास्तविक ऊर्जा है। इस प्रकार के आयोजन महिलाओं में आत्मविश्वास, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को सुदृढ़ करते हैं। एसईसीएल में महिला सशक्तिकरण केवल एक विचार नहीं, बल्कि निरंतर क्रियान्वयन की प्रक्रिया है। 'नारी शक्ति खेल महोत्सव' इसी सोच का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने कहा कि श्रद्धा महिला मंडल के तत्वावधान में आयोजित यह महोत्सव कार्यरत एवं गृहिणी महिलाओं को एक मंच पर जोड़ने का अनूठा व बेहद सार्थक प्रयास है। इसी क्रम में एसईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में भी नारी शक्ति खेल महोत्सव आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका भव्य फाइनल आगामी दिनों में एसईसीएल के हसदेव क्षेत्र में संपन्न होगा। कार्यक्रम में मंच संचालन प्रियेशा चौरसिया तथा डॉ संजीवनी पाणिग्रही ने किया। धन्यवाद ज्ञापन कल्याण श्यामला राव ने किया।

प्रतियोगिताओं में रेड हाउस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि पर्पल हाउस मात्र एक अंक के अंतर से उपविजेता रही। दोनों टीमों के बीच कड़ा एवं रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। अतिथियों ने बैडमिंटन के फाइनल मुकाबले का अवलोकन किया तथा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

रस्साकस्सी, मटका रेस, नींबू-चम्मच दौड़ एवं जलेबी रेस जैसे फन गेम्स के फाइनल मुकाबले भी आयोजित किए गए, जिनमें प्रतिभागियों के साथ दर्शकों ने भी भरपूर आनंद लिया। समारोह के दौरान विभिन्न खेल स्पर्धाओं के विजेताओं एवं उपविजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## तालाब को साफ रखने श्रमदान



बिलासपुर। आज मंगला स्थित फुटहा तालाब की प्रदूषित स्थिति को देखते हुए शहर के लगभग 100 से अधिक प्रकृति प्रेमियों ने सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक 4 घंटे लगातार श्रमदान देकर तालाब के आसपास का कचरा साफ किया। जन जागरूकता और सामूहिक प्रयास से तालाब को पुनर्जीवित करने का संकल्प लिया।

फुटहा तालाब लगभग 50 साल पुराना तालाब है जिसमें मंगला के सभी कॉलोनियों जैसे ग्रीन गार्डन, पत्रकार कॉलोनी, शिक्षक कॉलोनी, अटल आवास, गंगानगर के नाली का पानी छोड़ा जा रहा है जिससे वहां का जल प्रदूषित हो रहा है। उसकी वजह से लगातार बीमारियों का खतरा बना हुआ है। नंदन विहार कॉलोनी के अध्यक्ष डॉ आर के गुप्ता ने बताया गत 25-30 साल पहले तालाब में बहुत ही स्वच्छ जल था पर आज तालाब के आसपास प्लास्टिक पॉलिथीन व ठोस कचरे से प्रदूषित हो चुका है। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के उपाध्यक्ष प्रदेश उपाध्यक्ष तनमीत छाबड़ा ने प्रकृति प्रेमियों को एकत्र कर एक मुहीम से तालाब को बचाने का संकल्प लिया। उन्होंने बताया इस तालाब के रखरखाव एवं सौंदर्यीकरण के लिए नगर निगम प्रशासन को लगातार सोसाइटी के द्वारा पूर्व में 5 साल से आवेदन दिया जा रहा है जिस पर नगर निगम के द्वारा नाली निकासी के लिए कोई भी व्यवस्था नहीं की जा रही है। तालाब को बचाने हर संभव प्रयास जारी रखेंगे। यहां असामाजिक तत्व भी जमावड़ा रहता है। अप्रिय घटना होने की संभावना है। इस अवसर पर कालोनी के अध्यक्ष डॉक्टर आर के गुप्ता, उपाध्यक्ष अश्विनी डिक्सेना, सचिव डाक्टर अजय सिंह, कोषाध्यक्ष गोपाल सिंह ठाकुर, संयुक्त सचिव नेमीचंद कुमावत, निहारिका त्रिपाठी, रत्नेश गुप्ता, राहुल गुप्ता, भावेश भारद्वाज आदि मौजूद थे।

## संजय गांधी की मनाई जयंती



बिलासपुर। जिला कांग्रेस कमेटी ( शहर/ग्रामीण ) द्वारा 14 दिसम्बर को कांग्रेस भवन में स्व. संजय गांधी की जयंती मनाई गई। उनके छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर अभय नारायण राय ने कहा कि आधुनिक सोच के युवा तुर्क थे संजय गांधी, जिनकी सोच थी कि आम नागरिकों को सस्ती कार मिले। उन्होंने जो सपना देखा आज पल्लवित हो रहा है। उन्होंने पांच सूत्रीय कार्यक्रम लागू किया जो इस बात का द्योतक है कि स्व संजय गांधी एक सशक्त राष्ट्र के रूप में भारत को देखना चाहते थे। उन्होंने पांच सूत्रीय कार्यक्रम में पौधरोपण, दहेजप्रथा उन्मूलन,परिवार नियोजन, साक्षरता और छुआछूत थे। ज़फ़र अली, हरीश तिवारी ने कहा कि संजय गांधी अपार सम्भावना वाले युवा नेता थे। वे पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी के पुत्र थे। उन्हें राजनीति विरासत में मिली थी। युवाओं के बीच लोकप्रिय थे। 23 जून 1980 को एक विमान दुर्घटना में उनका निधन हो गया। इस तरह युवा नेता का असमय मौत से इंदिरा गांधी को और कांग्रेस पार्टी को बड़ी क्षति हुई। फिर राजीव गांधी का राजनीति आगमन हुआ। कार्यक्रम में त्रिभुवन कश्यप, विनोद शर्मा, माधव ओत्तालवार, विनोद साहू, वीरेंद्र सारथी,राजेश शर्मा,सुभाष ठाकुर,हेमन्त दिघरस्कर, कौशिक धर, सुनील पांण्डेय, भजन सिंह, गौरव एरी, करम गोरख, सुदेश नन्दिनी ठाकुर, शुभ लक्ष्मी, निर्मल मरकाम आदि मौजूद थे।

# धर्मजीत ने हवाई सुविधा विस्तार का मुद्दा उठाया



बिलासपुर। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री सचिवालय में व्हाट्सएप पर पत्र भेजकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मिलने का समय मांगा है। वहीं एयरपोर्ट के लिए किए जा रहे प्रदर्शन में तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने सुविधाओं के विस्तार और विकास की बात कही।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने दिसंबर ने दो सप्तांह के भीतर ही उपमुख्यमंत्री अरुण साव से भेंट की, वहीं केंद्रीय राज्य मंत्री टोकन साहू के साथ नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू और रक्षा विभाग में राज्य मंत्री संजय सेठ से भी मुलाकात की। इस दौरान हवाई सुविधा विस्तार और एयरपोर्ट विस्तार के मुद्दों पर अपनी मांगें रखी। समिति अब मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें क्षेत्र में सर्वसुविधायुक्त एयरपोर्ट की मांग कर रही है, इसके लिए समिति के सदस्यों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात का समय मांगा है। छत्तीसगढ़ के विजन 2047 की चर्चा के दौरान तखतपुर के विधायक धर्मजीत सिंह ने एयरपोर्ट विस्तार और हवाई सुविधा विस्तार के मुद्दे को जोर-शोर से उठाया। विधायक ने राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए बिलासपुर समेत अन्य शहरों में भी एयरपोर्ट बनाने की वकालत की है। 290 एकड़ जमीन के लिए केवल 50 करोड रुपए की राशि राज्य सरकार को देनी है यह राशि भी तत्काल उपलब्ध कराने की मांग की है। श्री सिंह ने बताया कि 2020 में तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 27 करोड़ रुपए की घोषणा विधानसभा में की थी जिसके चलते बिलासा एयरपोर्ट पर निर्माण कार्य किया गया है। इस दौरान रवि बनर्जी नारद श्रीवास,महेश दुबे टाटा, अनिल गुलहरे, शिरीष कश्यप,देवेंद्र सिंह ठाकुर, एसआर यादव, चंद्र प्रकाश जायसवाल, शेख अल्फाज, साबर अली व सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

### मधुकर के कविता संग्रह उम्मीद का विमोचन

बिलासपुर। संत गुरु घासीदास महाविद्यालय पचपेड़ी में रचनाकार - महेतरु मधुकर की कविता संग्रह उम्मीद का विमोचन एवं भव्य कवि सम्मेलन का किया गया। आयोजन में बिलासपुर, मस्तूरी व रतनपुर से वरिष्ठ साहित्यकार शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. लक्ष्मण भारती, विशिष्ट अतिथि विजय कुमार टाण्डे, जितेन्द्र पाटले, डॉ. एस.एल. निराला, राजेन्द्र रंजन गायकवाड़, रवीन्द्र जायसी, साहित्यकार महेश श्रीवास, व्यंग्यकार राजेन्द्र मौर्य, शिवराम टण्डन,राहुल देव भारद्वाज ने रचनाकार महेतरु मधुकर को उनके बेहतरीन काव्य संग्रह के लिए आशीर्वचन दिए। बिलासपुर के कवि दीपक दुबे सागर ने उम्मीद शीर्षक पर अपनी भावनात्मक कविता प्रस्तुत कर दर्शकों से खूब तालिया बटोरी। कार्यक्रम में जगतारण डहरे, रविन्द्र पाठक ने युवा बेरोजगारी पर अपनी भावनात्मक मनमोहक प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**प्रेस कांफ्रेंस में भाजपा के संभाग प्रभारी शिवरतन शर्मा ने लगाया आरोप**

# कांग्रेस ने गाइड लाइन दरों में 30 प्रतिशत की कमी कर दी थी : भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने गाइड लाइन दरों को बढ़ाने के बजाय उसमे 30 प्रतिशत की कमी कर दी थी, ताकि कोयला, शराब, पीएससी, महादेव एप धान, डीएमएफ जैसे बड़े घोटालों से आ रहे हजारों करोड़ों रुपए के काले धन को जमीनों में खपाया जा सके।

यह जानकारी आज यहाँ एक प्रेस कांफ्रेस में भाजपी के संभाग प्रभारी शिवरतन शर्मा ने दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय में 2022 में कुछ दिनों के लिए कुछ खास क्षेत्रों के लिए गाइड लाइन दर को 40 प्रतिशत कम कर दिया गया, ताकि कांग्रेस के भ्रष्टाचार से अर्जित कालेधन इन खास इलाकों में जमीन पर खपाया जा सके। अब ईडी की जांच में स्पष्ट हुआ कि कैसे कांग्रेस के लोगों ने 5 साल में जमीन, जायदाद में भारी निवेश किया। डेढ़ सौ एकड़, दो सौ एकड़ के फार्म हाऊस बनाए गए। अपने काले धन को खपाकर जमीन पर कब्जा किया गया। इनकी सैकड़ों संपत्तियां अब अटैच की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में ग्रामीण क्षेत्रों मे दो अलग-अलग प्रकार की दरें लागू थी, वर्गमीटर दर और हेक्टेयर दर वर्गमीटर दर 500 वर्ग मीटर तक लागू होती थी, जबकि इससे अधिक भू-खंडों पर हेक्टेयर दर लागू होती थी। दोनों दरों के बीच 5 से 20 गुना का अंतर था। श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के समय भू-अर्जन में भी अनेक घोटाले हुए। भारत माला स्कैम, एनटीपीसी अल्ट्रा मेंगा पावर परियोजना, उरगा-कटघोरा राष्ट्रीय राजमार्ग, अरपा भैंसाझार परियोजना इसके उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों मे परिवर्तित भूमि खरीदने पर ढाई गुना दर से स्टाम्प और पंजीयन फीस लगता था। अब परिवर्तित भूमि पर सिंचित की दर से शुल्क लेने का प्रावधान है। असिंचित भूमि होने पर 20 प्रतिशत छूट दिया जा रहा है। इसी प्रकार दो फसली भूमि होने पर रजिस्ट्री में 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क देना पड़ता था, उसे समाप्त कर दिया गया।

संभागीय प्रभारी ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में फ्लैट या बहुमंजिला भवन में अब केवल बिल्टअप एरिया में रजिस्ट्री शुल्क लिया जाएगा। पहले सुपर बिल्टअप एरिया में रजिस्ट्री शुल्क देना होता था। पत्रकार वार्ता मे भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंग, महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष हर्षिता पाण्ड़ेय, कोषाध्यक्ष गुलशन ऋषि, जिला मीडिया प्रभारी केके शर्मा, सह प्रभारी दुर्गेश पाण्ड़ेय, प्रदीप कौशिक उपस्थित थे।

## सड़क सुरक्षा पर किया जागरूक



बिलासपुर। यातायात जागरूकता सप्ताह पर शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्राओं द्वारा यातायात सुरक्षा को जन जागरण के रूप में प्रचारित एवं प्रसारित करने के उद्देश्य से महाविद्यालय प्रांगण से अंबेडकर चौक तक जुलूस निकाला गया। यातायात प्रभारी रमाशंकर पांडे ने यातायात के नियमों से संबंधित जैसे गाड़ी चलाते समय मोबाइल का उपयोग ना करें, क्षमता से अधिक यात्री ना बैठाए, बाइक चलाते समय हेलमेट का उपयोग करना, रेड लाइट हो तो रुक जाए, ट्रैफिक सिग्नल का पालन करने, मादक पदार्थों का सेवन नहीं करना और तेज रफ्तार से बचने जैसे जानकारी अंबेडकर चौक पर दिया गया। एनएसएस प्रभारी डॉक्टर रश्मि पटेल ने कहा कि अपने जीवन को हाथ हथेली में रखकर ना चले। आपको अपनी सुरक्षा स्वयं करनी होगी। इसीलिए ध्यान रखें की अपने शरीर का जो अहम हिस्सा है मुख्य भाग है, उसकी सुरक्षा के लिए हेलमेट अनिवार्य रूप से पहने। इस अवसर पर यातायात विभाग के पुलिस अधिकारी एवं एनएसएस की समस्त छात्राएं मौजूद थीं।

बिलासपुर, सोमवार 15 दिसंबर 2025

हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



कार्ययोजना

## राधा सखी परिकर का राधा-कृष्ण लीला महोत्सव आज से



**बिलासपुर।** श्री युगल उपासक उत्सव मण्डल छत्तीसगढ़ के तृतीय वार्षिकोत्सव पर श्री राधा सखी परिकर बिलासपुर द्वारा एएस फन के बैक्वेट हॉल सिरगिट्टी में 15 दिसंबर से आयोजित तीन दिवसीय श्री राधा-कृष्ण लीला महोत्सव को लेकर एक तैयारी बैठक रखी गई। इसमें महोत्सव को भव्य रूप से मनाने विचार-विमर्श कर कार्य योजना बनाई गई। श्री राधा कृष्ण लीला महोत्सव में रासाचार्य स्वामी शिवदयाल गिरिराज महाराज श्रीधाम वृंदावन श्रीकृष्ण रास लीला का दर्शन कराएंगे। इस आयोजन को लेकर राधा सखी परिकर की सदस्य्य काफी उत्साहित हैं और जोर-शोर से तैयारी कर रहीं हैं। संस्था प्रमुख आशा अग्रवाल ने बताया कि सनातन धर्म में वैष्णव चतुः संप्रदाय का विशेष महत्व है। इन्हीं में श्री निम्बार्क संप्रदाय अत्यंत प्राचीन व प्रमुख है। श्री निम्बार्क संप्रदाय की उत्पति स्वयं भगवान श्रीकृष्ण ने हंस स्वरूप में प्रकट होकर सनकादी महर्षियों को श्री युगल उपासना का उपदेश देकर की है। इस कारण शास्त्रों में इसे श्री हंस संप्रदाय के नाम से भी जाना जाता है।

कार्यक्रम

## साप्ताहिक यज्ञ, सत्संग में सत्यार्थ प्रकाश का स्वाध्याय



**बिलासपुर।** आर्य समाज वसुंधरा विहार बहतराई रोड में रविवार को आयोजित साप्ताहिक यज्ञ एवं सत्संग कार्यक्रम में मुख्य यजमान आशीष, विधि बत्रा ने अपने वैवाहिक वर्षगांठ यज्ञ और दान कर मनाई। सत्यार्थ प्रकाश का स्वाध्याय किया गया। सत्संग में आचार्य जयदेव शास्त्री ने संन्यास आश्रम पर शास्त्रोक्त विचार रखा और बताया कि जो व्यक्ति तीनों प्रकार की एषणाओं को त्याग देता है वह व्यक्ति सन्यास में आता है। लोकेषणा, पुत्रैषणा और वित्तेषणा अर्थात लोक में सम्मान की इच्छा नहीं रखने, पुत्र आदि में मोह का न होने, धन की लालसा नहीं रखने वाले, विवेक पूर्ण वैराग्य से जीवन में ठीक ठीक कर्त्तव्य का पालन करने वाला सन्यासी होता है। वह चाहे लाल कपड़े पहना हो या नहीं पहना हो। वेद आदि सत्य शास्त्रों का विद्वान, तपस्वी हो, सत्यवादी, परोपकारी हो वह सन्यासी होता है।

स्पोर्ट्स

## शहर की कराते खिलाड़ी सौम्या ने जीता गोल्ड



**बिलासपुर।** दो दिवसीय महिला महाविद्यालय सेक्टर 9 भिलाई में ऑल इंडिया ओपन कराते चैंपियनशिप का आयोजन किया गया, जिसमें शहर की कराते खिलाड़ी सौम्या साहू ने अंडर 40 किग्रा. केटेगरी में गोल्ड मेडल जीतकर परचम लहराया है। सौम्या ने कहा कि कराते हर लड़कियों को सीखना चाहिए, यह ऐसी प्रतिभा है, जिससे आत्म सुरक्षा भी कर सकते है। इसमें मुझे आगे बढाने में पिता का हमेसा सहयोग रहा है। कराते इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के अंतर्गत व छत्तीसगढ़ कराते डू एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त संस्था छत्तीसगढ़ फोनिक्स शीतों रियो कराते डू एसोसिएशन के द्वारा ने यह आयोजित किया था, जिसमें खिलाड़ियों ने गोल्ड 16, सिल्वर 11, ब्रोंज 19 मेडल जीते है।

## इंडियन मुस्लिम प्रीमियर लीग सीजन 2, 16 टीम होगी शामिल



**बिलासपुर।** इंडियन मुस्लिम प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 2 का कैलेंडर विमोचन किया गया। जिसमें आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक वक्त बोर्ड के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन डॉक्टर सलीम राज साहब विशेष रूप से उपस्थित रहे। यह मुस्लिम समाज का क्रिकेट टूर्नामेंट 8 से 16 फरवरी के बीच गांधी चौक मिनी स्टेडियम में रात्रि कालीन में खेला जाना है, इस प्रतियोगिता में 16 टीम को मौका दिया जाएगा। डॉक्टर सलीम राज ने कहा खेल युवाओं के जीवन में बहुत ही जरूरी एक हिस्सा होता है, हर समाज के लोग के प्रति खेल के प्रति आगे आना चाहिए और हर समाज के लोगों को खेल खेल में भाग लेना चाहिए। आयोजन को और बेहतर बनाने के लिए वह आयोजन समिति के साथ है शासन से हर संभव हर मदद करने का प्रयास करेंगे आयोजन समिति के अध्यक्ष तौसीफ खान ने बताया यह प्रतियोगिता का द्वितीय वर्ष है, इसका पहला सीजन खेला गया था जिसमें 16 टीमों ने हिस्सा लिया था। इसमें मुख्य रूप से वहीदुल्ला खान, साजिद अवनी, शकील भाई, फैजान खान, शिबू मोहम्मद अजहरूद्दीन, सलमान कुरेशी, तौफीक मेहमान, अबरार अली सहित अन्य मौजूद रहे।

# सबसे बड़ा मानव धर्म, सभी से रखें प्रेम : उदित मुनि

**सदगुरु कबीर संत समागम समारोह में पंथश्री ने कहा**



सदगुरु कबीर धर्मदास वंशावली मिशन के तत्वावधान में एक दिवसीय सदगुरु कबीर संत समागम समारोह का आयोजन साइंस कॉलेज मैदान में किया गया। इसमें समाज के लोगों ने पंथ श्री हुजूर उदित मुनि नाम साहब का दर्शन बंदगी, आशीर्वचन एवं सत्संग का लाभ लिया। वहीं पंथ श्री ने कहा कि सबसे बड़ा मानव धर्म है। सभी से प्रेम भाव रखें।



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

समारोह में सुबह गुरु महिमा पाठ कर भजन गाए गए। सत्संग हुआ। दोपहर 12 बजे पंथश्री के आगमन हुआ। इसके बाद साइंस कॉलेज मैदान से बाजे-बाजेश, धूमाल पार्टी, कर्मा नृत्य व सत्यनाम की धुन के साथ एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो कि डबरीपारा, सोनगंगा कालोनी, विजयपुर गेट के सामने, बहतराई चौक होते हुए आयोजन स्थल पहुंच कर समाप्त हुई। कार्यक्रम स्थल पहुंचने के बाद केडीवी मिशन के परोपकारी प्रतिनिधि सेवक साहेब, बिलासपुर प्रतिनिधि थानूराम साहेब एवं अन्य सदस्यों ने स्वागत किया। इसके बाद उपस्थित सभी लोगों ने वंशाचार्य उदित मुनीनाम साहब का आशीर्वचन प्राप्त किया। भेंट दर्शन प्राप्त कर, चरण वंदन कर कृतार्थ हुए। सभी भक्तों के लिए प्रसाद एवं भंडारे की व्यवस्था रही। शोभायात्रा में समाज के लोग हाथ में झंडा लेकर साहेब भजन गाते व महिलाएं सिर में कलश लिए हुए चल रहीं थीं। आयोजन को लेकर समाज के लोगों में भारी उत्साह रहा। दूर-दराज से लोग उदित मुनि नाम साहब का वक्तव्य सुनने पहुंचे थे। समागम में सदगुरु कबीर धनी धर्मदास साहब का सानिध्य एवं पंथश्री हुजूर प्रकाश मुनी नाम साहब का आशीर्वाद रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में सेवक साहेब, केडीवी मिशन के जिला प्रतिनिधियों एवं कबीर पंथ समाज के सदस्यों का सहयोग रहा।

### अपनाएं मानवता का धर्म

वंशाचार्य उदित मुनी नाम साहब ने अपने संदेश में कहा कि सबसे बड़ा धर्म मानव धर्म व मानवता है। कभी भी किसी के धर्म, जाति, ऊंच-नीच पर न जाएं। सबसे ऊपर उठकर मानवता का धर्म अपनाएं। सभी से प्रेम करें तभी हम मानव बन पाएंगे। कबीर साहब सभी मानव जाति के लिए कहे हैं कि सबके लिए प्रेम भाव रखो। अच्छे मन, भाव रखने से उसका अच्छा फल मिलता है। चरित्रवान व्यक्ति बनें। ये सभी गुण इंसान में आने पर ही सभी पूजा पाठ का फल भी मिलेगा। उन्होंने कबीर के दोहे-पोथी पढि-पढ़ि जग मुआ, पण्डित भया न कोय, ढाई अक्षर प्रेम का, पढ़े सो पण्डित होय..का उल्लेख करते हुए कहा कि बड़ी-बड़ी पुस्तकें पढ़ कर बहुत से लोग विद्वान न हो सके। कबीरजी मानते थे कि यदि कोई प्रेम के केवल ढाई अक्षर ही पढ़ लें तो ज्ञानी हो जाएंगे।

### इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर केडीवी मिशन के परोपकारी प्रतिनिधि सेवक साहेब, प्रशांत शर्मा, सीडी वर्मा, बिलासपुर प्रतिनिधि थानुराम साहू, गणेश साहू, ईश्वर दास, शिवदास, राकेश मानिकपुरी, पूरण दास, दीपक साहेब, पूरन साहेब, राजकुमारी मानिकपुरी, विमल बाई, लता साहू, सीता साहू, संतोष वस्त्रकार, जागेश्वर मानिकपुरी, साहेब आरती दास, साहेब डोमन दास, रूप कला साहेब, खिलेश्वरी साहू, कामिनी मानिकपुरी, खेलन वर्मा, तीरथ साहेब, दिनेश साहेब , सरगुन दास मानिकपुरी, तारकेश्वर दास, रमेश सहित सभी कबीर पंथी उपस्थित रहे।

## केंद्रीय मंत्री तोखन ने आरती में भाग लेकर लिया आशीर्वाद

आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू सद्गुरु कबीर संत समागम समारोह में शामिल हुए एवं पंथश्री हुजूर उदितमुनि नाम साहब के आगमन पर आरती में सहभागिता कर आशीर्वाद प्राप्त किया। राज्य मंत्री श्री साहू ने कहा कि संत कबीरदास की विचारधारा आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक है। कबीरदासजी का संदेश समरसता, सत्य, समानता, मानवता, आडंबर से मुक्त समाज, समाज को एकजुट करने और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करता है। संत परंपरा का यह आध्यात्मिक संदेश सामाजिक सौहार्द, सद्भाव और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणास्त्रोत है।



### भजन से माहौल बना आध्यात्ममय

शोभायात्रा में ग्राम निरजाम मुंगेली से आई कीर्तन मंडली ने विशेष ड्रेस कोड में साहेब भजन गाते हुए नृत्य किया। इसमें केसियो मास्टर दिनेश कुमार साहू, डांसर रामरतन थे। सिद्धराम घोड़े पर सवार होकर चल रहे थे। भजन में हरदेव साहेब, नेतराम साहू एण्ड टीम की सहभागिता रही। इनके भजनों से माहौल आध्यात्ममय बना रहा।

# सिम्स में रिथम कार्यक्रम : मेडिकल छात्रों ने गीत-संगीत में बांधा समा






बिलासपुर। सिम्स मेडिकल कॉलेज का रिथम एनुअल फंक्शन रविवार को आयोजित किया गया, 3 वर्षो बाद प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मेडिकल छात्र मौजूद रहें। छात्रों ने गीत-संगीत से कार्यक्रम में समा बांधा। इस मौके पर डीन डॉ रमनेश मूर्ति, संचालक प्राध्यापक डॉ भानू प्रताप सिंह, सुपरिन्टेन्डेन्ट सुपरस्पेशलिटी डॉ अर्चना सिंह,कल्चरर कमेटी हेड डॉ मधुमिता मूर्ति, आर्ट व लिटरेरी हेड डॉ विद्याभूषण साहू, स्पोर्ट कमेटी हेड डॉ चंद्रहास ध्रुव, स्पोर्ट कमेटी डॉ ज्योति पोर्ते, कल्चरर कमेटी डॉ नागेंद्र साहू समेत सभी शिक्षक व छात्र मौजूद थे। इस वार्षिकोत्सव में हीलियम गुब्बारे रिथम लिखकर हवा में छोड़ा गया । 2022 के विद्यार्थियों द्वारा फ्लैश मोब डांस प्रस्तुत किया गया।

कार्नर न्यूज

# भारत में जीएसटी कब लागू हुआ, कानून संबंधित प्रश्न पूछे गए

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा रविवार को एक पाली में सुबह 11 से दोपहर 1:15 तक हाईकोर्ट के ट्रांसलेटर के पदों पर शहर के 6 सेंटरों में परीक्षा ली गई। नोडल अधिकारी शिव कुमार कंवर ने बताया कि इस परीक्षा में 2 हजार 335 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिसमें 977 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलवाई 1398 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

परीक्षार्थियों ने बताया कि भारत में जीएसटी कानून कब लागू हुआ, 2023 में तीन अपराधिक कानून सहित अन्य प्रश्न पूछे गए। इन्होंने बताया कि प्रश्न बेहद घुमाउदार थे,जिसे हल करने में समय भी लग गया। व्याकरण के प्रश्नों ने परेशान किया जिसका परिणाम पर असर पड़ेगा। परीक्षार्थी अभिषेक साहू ने बताया कि दो घंटे की इस परीक्षा में 100 अंक का प्रश्नपत्र था जिसमें हर प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित था।

बता दें की व्यापमं द्वारा जारी दिशा निर्देशों में परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा और व्यवस्थाओं के व्यापक इंतजाम थे। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने के दो घंटे पहले परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। सुबह 10:30 बजे तक अभ्यर्थियों के प्रवेश की अनुमति थी इसके बाद किसी भी को प्रवेश नहीं दिया गया। अभ्यर्थियों की प्रवेश से पहले कड़ी फ्रिस्किंग हुई, परीक्षा 11 बजे शुरू हो गई थी। देर से आने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश नहीं दिया गया।

**व्यापम ने ली हाईकोर्ट ट्रांसलेटर पदों पर परीक्षा**





### गहरे रंग के कपड़े को निकलवाए

जिन परीक्षार्थियों ने गहरे रंग के कपड़े पहनकर आ गए थे, केन्द्र के बाहर ही उन्हें निकलवा दिया गया जिससे बड़ी संख्या में कपड़े रखे थे। हल्के रंग के कपड़े और साधारण स्वेटर बिना पॉकेट के पहने अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया। फुल स्लीव शर्ट, जैकेट, गहरे रंग के कपड़े, मोटे तलवे वाले जूते, हाई हील, बड़े बटन युक्त कपड़े व काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैंगनी व गहरे चॉकलेटी रंग के कपड़े पहनना वर्जित था। परीक्षा केंद्र में चप्पल ही पहनकर प्रवेश था,कान में किसी भी प्रकार के आभूषण, नथ, झुमके आदि पर पूर्ण प्रतिबंध रहा।

### माइनस मार्किंग बढाएगा अंक

परीक्षार्थी ने अंजली शर्मा ने बताया कि व्यापम की इस परीक्षा में किसी भी तरह का माइनस मार्किंग नहीं था,व्यापम की परीक्षा में नहीं तो वन फोर्थ माइनस मार्किंग रहता ही है। इस वजह से परीक्षार्थियों ने सभी प्रश्नों को हल किया और अधिकांश प्रश्न समझ में भी नहीं आने पर भी हल किए है,इससे तुक्का सही पड़ने पर नंबर बढ सकते है।

### कुबेर का पर्याय बताइए

व्यापम की इस परीक्षा में कुबेर का पर्यावाची शब्द, ब्रज शब्द का सबंध व लीची किसा भाषा का शब्द है, जैसे प्रश्न पूछे गए। इसी तरह कानून, हिन्दी, समान्य ज्ञान व रिजनिंग के प्रश्न पूछे गए। परीक्षार्थियों ने बताया की प्रश्न पत्र ऑउट ऑफ सिलेबस लगा, जिससे कटऑफ कम जाने की संभावना लग रही है।




# कभी खुशी कभी गम के 24 साल पूरे होने का मनाया जश्न

**मुंबई।** काजोल अपने अभिनय के अलावा फैंस के बीच अपनी हाजिर जवाबी के लिए भी मशहूर हैं। रविवार को काजोल ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक पोस्ट साझा की। इसमें अपनी फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' के 24 साल पूरे का जिक्र किया। फिल्म से जुड़ी अपनी एक फोटो शेयर की। साथ ही एक फनी कमेंट भी लिखा। इसमें वह यंग लड़कियों को एक खास सलाह भी दे रही हैं। काजोल लिखती हैं, 'सभी अंजलियों से कहना चाहती हूं, खुद पर प्राउड फील करो। खुलकर जीयो। राहुल (कभी खुशी कभी गम का लीड कैरेक्टर, जिसे शाहरुख ने निभाया था)' लेट हो सकता है, क्योंकि वह कहीं ट्रैफिक में फंसा होगा।'

लाइफ Style



# श्रेया

## 10 साल की डेटिंग के बाद किया था प्रपोज

4 साल की उम्र में संगीत की साधना कर रही प्लेबैक सिंगर श्रेया घोषाल आज सुरों की मल्लिका बन चुकी हैं। सिंगल बॉलीवुड में हिट सॉन्ग देने के साथ-साथ सिंगिंग रियलिटी शो में बतौर जज के तौर पर दिखती हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


अब उन्होंने 'इंडियन आइडल' शो में अपनी लव स्टोरी के बारे में बात की और बताया कि कैसे उनके बचपन के दोस्त शिलादित्य मुखोपाध्याय ने उन्हें प्रपोज किया. 'इंडियन आइडल' के मंच पर रोमांस की बातों ने शो के माहौल को बदल दिया। शो में होस्ट आदित्य ने श्रेया से पूछा कि कैसे उन्हें शिलादित्य ने प्रपोज किया था। इसपर सिंगर ने कहा कि हम पहले से एक दूसरे को जानते थे और एक दिन उन्होंने तय किया कि आज मैं पूछता ही लेता हूं, लेकिन वो बहुत साधारण सवाल था, क्योंकि मेरा जवाब पहले ही 'हां' ही होने वाला था। फिर एक दिन हम लोग अपने दोस्त की शादी में गए और उन्होंने अचानक से शादी के लिए प्रपोज किया और मेरा जवाब वही था। उन्होंने कहा कि 'पता होने के बावजूद भी वो पल हमारे लिए बहुत खास था।' शो में सिंगर पार्श्व गायिका कविता कृष्णमूर्ति भी मौजूद थीं। उन्होंने अपनी लव स्टोरी बताते हुए कहा कि मैं घर पर बहुत लाड़-प्यार से पली थी और प्यार-मोहब्बत जैसी चीजों से कोई लेना-देना नहीं था, लेकिन जब पहली बार सुब्रमण्यम जी के घर पहुंची थी, तो अहसास हुआ कि इस घर में मेरे लिए खास जगह है। उन्होंने सामने से मुझे प्रपोज किया और मैंने 'हां' कर दी।

हॉलीवुड मसाला



# कई फिल्मों में आ चुके नजर

**लॉस एंजिल्स।** रेसलिंग के साथ-साथ जॉन सीना ने हॉलीवुड में भी अपनी अलग पहचान बनाई। द मरीन (2006) जॉन सीना की पहली बड़ी एक्शन फिल्म मानी जाती है। इस फिल्म में उन्होंने एक पूर्व मरीन सैनिक का किरदार निभाया था, जो अपनी पत्नी को बचाने के मिशन पर निकलता है। एक्शन फिल्मों में सीना की एंट्री यहीं से मजबूत हुई। 12 राउंड्स (2009) थ्रिलर में सीना एक पुलिस अफसर के रोल में नजर आए। फिल्म की कहानी रफ्तार, सस्पेंस और एक्शन से भरी हुई थी।





# पल्प फिक्शन में निभाए थे यादगार किरदार...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर फिल्मों 'द मास्क' और 'पल्प फिक्शन' में अपनी भूमिकाओं के लिए जाने जाने वाले अभिनेता पीटर ग्रीन का 60 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। ग्रीन ने 1994 की फिल्म 'द मास्क' में डोरियन टायरेल के खलनायक के रूप में और उसी वर्ष 'पल्प फिक्शन' में यादगार किरदार निभाए थे। वह 'द यूजुअल सस्पेक्ट्स' और 'ट्रेनिंग डे' जैसी फिल्मों में भी अपने दमदार अभिनय के लिए जाने जाते थे। हॉलीवुड ने एक प्रतिभाशाली चरित्र अभिनेता को खो दिया है। पीटर ग्रीन ने 1990 में एनबीसी के क्राइम ड्रामा 'हार्डबॉल' के एक एपिसोड में गेस्ट अपीयरेंस के साथ ऑनस्क्रीन डेब्यू किया था। दो साल बाद उन्होंने 'लॉज ऑफ ग्रेविटी' से फिल्मों में डेब्यू किया। न्यू जर्सी में जन्मे इस अभिनेता ने 1990 के दशक की शुरुआत में कई बेहतरीन भूमिकाएं निभाईं, जिनमें क्लीन शेवन (1993) भी शामिल है। ग्रीन एक जाने-माने कैरेक्टर एक्टर थे।




# मेस्सी से मिलकर खुश हुए तैमूर-जेह

**मुंबई।** रविवार को मुंबई के एक इवेंट में इंटरनेशनल फुटबॉल प्लेयर लियोनल मैसी ने कई सेलेब्स से मुलाकात की। इसमें करीना कपूर का नाम भी शामिल है। करीना ने अपने इंस्टाग्राम पर जो एक तस्वीर शेयर की है, उसमें बेटा तैमूर और जेह, लियोनल मैसी के नाम वाली टी-शर्ट पहने दिख रहे हैं। करीना ने दोनों बेटों का हाथ थामा हुआ है। इसके बाद करीना ने बेटों की मुलाकात लियोनल मैसी से करवाई। लियोनल मैसी मिलकर करीना के बेटे काफी खुश नजर आए। लियोनल मेसी इन दिनों इंडिया टूर पर है। करीना कपूर के करियर फ्रंट की बात करें तो वह मेघना गुलजार की एक फिल्म कर रही हैं। मेघना गुलजार निर्देशित फिल्म 'दायरा' में करीना कपूर के साथ साउथ एक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन भी लीड रोल में नजर आएंगे।



# 6 साल बाद गर्लफ्रेंड संग अर्जुन ने की सगाई

**मुंबई।** अर्जुन रामपाल इन दिनों फिल्म 'धुरंधर' की कामयाबी की वजह से सुर्खियों में हैं। इसमें उन्होंने मेजर इकबाल का किरदार निभाया है। 5 दिसंबर को रिलीज हुई इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अब तक 292 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। माना जा रहा है कि अर्जुन रामपाल ने हाल ही में लंबे समय से रही अपनी गर्लफ्रेंड के साथ सगाई की पुष्टि की है। वह पिछले छह वर्षों से गैब्रिएला डेमेट्रियड्स को डेट कर रहे हैं। रिया चक्रवर्ती ने एक वीडियो शेयर किया। यह वीडियो उनके पॉडकास्ट का है। इसमें अर्जुन रामपाल और उनकी गर्लफ्रेंड गैब्रिएला डेमेट्रियड्स नजर आईं। दोनों ने अपने प्यार, शादी और कई चीजों के बारे में बात की। वीडियो में गैब्रिएला डेमेट्रियड्स को कहते हुए सुना जा सकता है 'हमने अभी तक शादी नहीं की है, लेकिन कौन जानता है।'

टीवी मसाला



# भाबीजी घर पर हैं 2.0 में शिल्पा ने अंगुरी के रोल में की वापसी

**नई दिल्ली।** लगभग एक दशक बाद शिल्पा शिंदे पॉपुलर सिटकॉम भाभीजी घर पर हैं।.. में अंगूरी भाभी के रोल में वापसी कर रही हैं। शिल्पा के जाने के बाद शुभांगी अत्रे ने पहले यह रोल किया था, लेकिन अब असली अंगूरी वापस आ गई हैं। इस बार वह भाभीजी घर पर हैं 2.0 में एक डरावना ट्विस्ट ला रही हैं। फैंस पहले से ही उनकी वापसी को पसंद कर रहे हैं। शनिवार को भाभीजी घर पर हैं के मेकर्स ने नए सीज़न का टीज़र जारी किया. ओरिजिनल शो पूरी तरह से कॉमेडी पर आधारित था, आने वाले सीज़न के टीज़र में एक अजीब ट्विस्ट दिखाया गया है। यह अंगूरी, तिवारी, विभूति और अनीता को घूंघटगंज नाम के एक अनजान गांव में ले जाता है। उनका ध्यान एक अजीब दिखने वाली मूर्ति पर जाता है जो उन्हें रुकने पर मजबूर कर देती है। एक डरावने पल में मूर्ति की साड़ी फिसलकर सीधे अंगूरी पर गिरती है, जो इस बात का संकेत देती है कि शो किस तरह का डरावना मोड़ लेने वाला है। पोस्ट पर कैप्शन में लिखा है, 'घूंघटगंज की गलियों से घूंघट उठाके, आ रही हैं असली से भी असली भाभीजी हंसी का तड़का लगाएं. सही पकड़े हैं!' फैंस ने कमेंट में शिल्पा की वापसी की सराहना की, वहीं कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने शुभांगी अत्रे के लिए अपना समर्थन भी व्यक्त किया. एक कमेंट में लिखा था, "अंगूरी के रूप में शुभांगी बेस्ट थीं.." एक अन्य ने लिखा, "हमारी अपनी ओजी अंगूरी भाभी वापस आ गई हैं - बहुत उत्साहित हूं!" एक अन्य ने लिखा, "आखिरकार, ओजी भाभी आ गई." एक फैन ने यह भी लिखा, "आसिफ सर और शिल्पा मैम को फिर से देखने का मौका मिलेगा-वाह, यह बहुत अच्छा है।"

## 'किस-किस' के प्रीमियर पर चप्पल पहन पहुंचे

**नई दिल्ली।** पॉपुलर कॉमेडियन सुनील पाल को हाल ही में कपिल शर्मा की फिल्म किस किस को प्यार करूं 2 के प्रीमियर पर मुंबई में देखा गया। इस



इवेंट में टाइगर श्रॉफ, अमीषा पटेल, सुनील शेट्टी, कृष्णा अभिषेक, तब्बू, राजीव ठाकुर, आरती सिंह, अनिल कपूर, भारती सिंह, मनोज बाजपेयी, अर्चना पूरन सिंह, मनीष पॉल, जाकिर खान, जॉनी लीवर और सुपरस्टार आमिर खान ने शिरकत की, जो अपनी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट के साथ आए थे। हालांकि इस स्टार्स से भरे इवेंट पर सुनील पाल ने अपने अचानक घटे वजन से लोगों का ध्यान खींचा, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में सुनील पाल ब्लू शर्ट, काले ट्राउजर्स के साथ चप्पल पहनें इवेंट में एंट्री करते हैं। क्लिप देखते ही फैंस को उनकी चिंता होने लगी, क्योंकि वह काफी कमजोर नजर आ रहे हैं।

# नौवें दिन 300 करोड़ पार हुई धुरंधर

## दूसरे शनिवार को ज्यादा कमाई का रिकार्ड बनाया

**मुंबई।** रणवीर सिंह स्टारर फिल्म 'धुरंधर' ने बॉक्स ऑफिस पर ऐसा तूफान खड़ा कर दिया है, जिसने हाल के वर्षों के कई बड़े रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं। रिलीज के नौवें दिन यानी दूसरे शनिवार को फिल्म ने जो कमाई की है, उससे बॉक्स ऑफिस हिल गया है। दरअसल 'धुरंधर' अब आधिकारिक तौर पर 300 करोड़ क्लब में शामिल हो चुकी है और साल 2025 की सबसे बड़ी हिंदी फिल्मों में अपनी जगह पक्की कर चुकी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म 'धुरंधर' ने शनिवार को 53.70 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। इस रिकॉर्ड के साथ धुरंधर ने कई बड़ी फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है। दूसरे शनिवार को कमाई के मामले में ऐसा कारनामा पहले किसी भी हिंदी भाषा में रिलीज हुई फिल्म ने नहीं किया है। अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2, जिसने दूसरे शनिवार को करीब 46 करोड़ रुपए कमाए थे और विक्की कौशल की छावा, जो लगभग 44 करोड़ रुपए तक पहुंच पाई थी- दोनों ही अब इस रेस में पीछे रह गई हैं। इतना ही नहीं, एनिमल, जवान, गदर 2, स्त्री 2 और यहां तक कि बाहुबली 2 जैसी मेगा ब्लॉकबस्टर फिल्मों के दूसरे शनिवार के कलेक्शन को भी धुरंधर ने पार कर लिया है।



# 'मैं तो आरती उतारूं' गाने से घर-घर छाई थीं उषा मंगेशकर

**नई दिल्ली।** 90 के दशक के बच्चों से लेकर बड़े-बुजुर्गों तक, एक गाना 'मैं तो आरती उतारूं संतोषी माता की' हमेशा लोगों की जुबान पर रहा है। यह टीवी पर भी खूब चला और कीर्तनों में भी इसने अपनी खास जगह बनाई, लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इतना मशहूर यह गाना आखिर गाया किसने था? ये गाना लता मंगेशकर ने नहीं, बल्कि उनकी छोटी बहन उषा मंगेशकर ने गाया था। बहन लता की तरह आवाज का जादू भगवान ने उषा मंगेशकर को भी दिया, जिसके बलबूते पर उन्होंने हिंदी, मराठी, बंगाली, भोजपुरी, नेपाली, कन्नड़ और असम की भाषा में कई गाने रिलीज किए।

***बहन का साथ देने के लिए गायन किया शुरू :*** 15 दिसंबर को जन्मीं उषा मंगेशकर ने भी बचपन से अपनी बहन लता को परिवार और कॅरियर बनाने के बीच मेहनत करते देखा और अपनी बहन का साथ देने के लिए उन्होंने भी गायन शुरू किया। जब



उषा मंगेशकर ने गाना शुरू किया था, उससे पहले ही लता अपना हिंदी सिनेमा में डेब्यू कर चुकी थीं। पिता की मौत के बाद पहले कमाई के लिए गाना गाना शुरू किया था, लेकिन किसी को क्या पता था कि तीनों बहनें सिंगिंग में अपना नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज करा लेंगी।

## बड़ी बहन लता के बहुत करीब थी

उषा अपनी बड़ी बहन लता के बहुत करीब थी और बचपन से लेकर बड़े होने तक उन्होंने हर परिस्थिति में उनका पूरा साथ दिया है। लता मंगेशकर के निधन के बाद उन्होंने ही अपनी दीदी की आत्मा को शांति देने के लिए वाराणसी में अस्थिकलश को गंगा में प्रवाहित किया था। उन्होंने कहा कि अब वे अकेली रह गई हैं और उनके लिए एक पल भी काटना मुश्किल हो रहा है। सिंगर ने कहा था कि वे हमेशा महसूस करती हैं कि दीदी उनके साथ ही हैं।

## फिल्मफेयर पुरस्कार मिला

साल 1953 में प्लेबैक सिंगर के रूप में कॅरियर की शुरुआत करने वाली उषा ने पहले कम बजट की फिल्मों में गायन किया, जिससे उनके करियर को बड़ा ब्रेक नहीं मिला। उन्होंने पहली बार 1954 में फिल्म 'सुबह का तारा' का !भाभी आई बड़ी धूम धाम से' गाना गाया था, लेकिन असल पहचान 1975 में आई फिल्म 'जय संतोषी मां' का गाना 'मैं तो आरती' गाकर मिली थी। ये गाना घर-घर प्रसिद्ध हुआ था। इस गाने के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ महिला पार्श्व गायिका का फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिला था, जिसके बाद उन्हें 'मंगता है तो आजा' और 'हमसे नजर तो मिलाओ' के लिए भी सर्वश्रेष्ठ महिला पार्श्व गायिका के तौर पर नॉमिनेट किया गया।

## इन फिल्मों के गानों को दी आवाज

उन्होंने 1978 में आई फिल्म खट्टा मीठा, 1979 में आई तराना','काला पत्थर, 1980 में आई नसीब और खूबसूरत, और 1981 में आई डिस्को डांसर जैसी फिल्मों के गानों में अपनी आवाज दी। उषा ने अपनी बहन के साथ मिलकर भी डुएट भी गाए, जिसमें आया मौसम दोस्ती का, आशा का फूल, और सब जनता का है, जैसे हिट गाने मिलकर गाए।

## सिनेमा को मनोरंजन से आगे बढ़ाकर समाज का बनाया आईना

# चार्ली चैपलिन से ली प्रेरणा, अधूरी मोहब्बत की आग में जले

***मुंबई।** मासूम मुस्कान, नीली आंखें और शरीर की हरकतों में छुपा दर्द- राज कपूर सिर्फ एक अभिनेता नहीं, बल्कि एक विचार थे। उन्होंने सिनेमा को मनोरंजन से आगे बढ़ाकर समाज का आईना बनाया, जिसमें गरीबी, बेरोजगारी, वर्गभेद और इंसानी अकेलापन साफ दिखाई देता था।*



## भारत के चार्ली चैपलिन कैसे बने?

राज कपूर को यूं ही 'भारत का चार्ली चैपलिन' नहीं कहा गया। बचपन से ही वो चार्ली चैपलिन की फिल्मों से गहराई से जुड़े हुए थे। जहां बाकी लोग उनकी फिल्मों पर हंसते थे, वहीं राज कपूर की आंखें नम हो जाया करती थीं। चैपलिन का वह किरदार— जिसका न कोई घर होता है, न कोई ठिकाना- राज कपूर को भीतर तक छू जाता था। यही वजह रही कि आगे चलकर आवारा, श्री 420 और मेरा नाम जोकर जैसे किरदारों में उन्होंने उसी ट्रैजिक-कॉमिक आत्मा को भारतीय संदर्भों में ढाल दिया।

## दुनियाभर में मशहूर थे

राज कपूर की लोकप्रियता भारत तक सीमित नहीं रही। सोवियत यूनियन में उनकी फिल्म आवारा ने इतिहास रच दिया। रूस में इस फिल्म ने करोड़ों टिकट बेचे और राज कपूर वहां किसी सुपरस्टार से कम नहीं थे। मॉस्को एयरपोर्ट पर जब प्रशंसकों ने उनकी टैक्सी को कंधों पर उठा लिया, तो यह सिर्फ एक अभिनेता का स्वागत नहीं, बल्कि भारतीय सिनेमा की जीत थी। चीन, तुर्की, मध्य-पूर्व और अफ्रीका तक 'आवारा हूं' की गूंज सुनाई देती थी। यहां तक कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भी उनकी अंतरराष्ट्रीय लोकप्रियता की खुलेआम सराहना की थी।

## राज कपूर और नरगिस की प्रेम कहानी

राज कपूर और नरगिस की प्रेम कहानी हिंदी सिनेमा की सबसे खूबसूरत, लेकिन दर्दनाक कहानियों में गिनी जाती है। पर्दे पर उनकी जोड़ी जादू बिखेरती थी, लेकिन हकीकत में यह रिश्ता अधूरा रह गया। शादीशुदा होने के कारण राज कपूर वह फैसला नहीं ले सके, जिसका इंतजार नरगिस वर्षों तक करती रहीं। आखिरकार नरगिस की जिंदगी में सुनील दत्त आए और एक नई कहानी शुरू हुई। कहा जाता है कि नरगिस की ऊंची हील्स देखकर ही राज कपूर को एहसास हो गया था कि वह अब उनसे दूर जा चुकी हैं।



## निजी जिंदगी में काफी सरल थे

निजी जिंदगी में राज कपूर जितने सरल थे, उतने ही जटिल भी। बेटे रणधीर कपूर से जुड़ा एक किस्सा अक्सर याद किया जाता है, जब उन्होंने कहा था कि अगर वे बस में भी सफर करें, तो लोग बस यही कहेंगे कि राज कपूर बस में बैठे हैं। यह कथन उनके स्टारडम से ज्यादा उनके आत्मविश्वास और सादगी को दर्शाता है।

## एक फिल्म के लिए सब कुछ दांव पर लगाया

राज कपूर का असर आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचा। रणबीर कपूर का नाम भी उनके पूरे नाम रणबीर राज कपूर से लिया गया। वहीं, फिल्म संगम की पार्टी में हुआ एक थप्पड़ कांड, जिसमें लेखक इंदर राज आनंद का कॅरियर तबाह हो गया, इंडस्ट्री की सख्त और संवेदनशील सच्चाई को उजागर करता है। बतौर फिल्ममेकर राज कपूर पैसों से ज्यादा पैशन में विश्वास रखते थे। मेरा नाम जोकर के लिए उन्होंने सब कुछ दांव पर लगा दिया। सेट पर क्रू की देखभाल, खाने-पीने का इंतजाम और रियल लोकेशन्स पर शूट- ये सब उनकी कार्यशैली का हिस्सा था। 18-18 घंटे काम करना उनके लिए आम बात थी।

## खबर संक्षेप

### रेलवे जीएम ने किया पेंड्रा रोड स्टेशन का दौरा



**गौरेला।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने पेंड्रा रोड रेलवे स्टेशन का दौरा किया। जीएम के स्टेशन पहुंचते ही उन्हें अमरकंटक भ्रमण के लिए रवाना कर दिया गया। इससे स्थानीय लोगों और मीडिया को क्षेत्र की रेल समस्याओं को उनके सामने रखने का अवसर नहीं मिल सका। दौरे से वापसी पर जब मीडिया प्रतिनिधि स्टेशन पहुंचे, तो जीएम पहले ही अपने सैलून कोच में जा चुके थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि गोरखपुर रेलवे फाटक पर लंबे समय से ओवरब्रिज निर्माण की मांग की जा रही है। पिछले पांच वर्षों से इस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है। जनता का कहना है कि क्षेत्र की रेल सुविधाओं में सुधार की उम्मीद से किया गया यह दौरा केवल औपचारिकता बनकर रह गया।

### चार दिवसीय 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ 18 से



**बेलतरा।** देव संस्कृति विद्यालय कर्रा में पंडित श्रीराम शर्मा एवं भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण में अखंड दीप की शताब्दी वर्ष एवं माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर चार दिवसीय 24 कुंडली गायत्री महायज्ञ का आयोजन 18 दिसंबर से 21 दिसंबर तक किा जा रहा है। आयोजन की तैयारियां जोरो पर हैं। यह आयोजन प्राणी मात्र के कल्याण, सुख-शांति, समृद्धि, सत्प्रवृत्ति संवर्धन, दुष्प्रवृत्ति उन्मूलन के लिए किया जा रहा है।

### कुर्मी क्षत्रिय सेवा समिति के रमेश बने अध्यक्ष

**बेलतरा।** कुर्मी क्षत्रिय सेवा समिति का त्रिवर्षीय चुनाव संस्था



के संस्थापक सदस्य बद्री प्रसाद कश्यप के मुख्य आतिथ्य व रामपाल कश्यप की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में बिरझेराम सिंगरोल, रामनारायण कश्यप, सरोजनी कुर्मी उपस्थित रहे। चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने के बाद बेलतरा निवासी रमेश कौशिक अध्यक्ष, राजेश कुमार कश्यप सचिव, ज्योतिष कश्यप कोषाध्यक्ष, गीतांजली कौशिक उपाध्यक्ष एवं योगेश्वर पाटनवर संगठन सचिव चुने गए। सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। वार्षिक प्रतिवेदन राजेश कुमार कश्यप ने प्रस्तुत किया। आम सभा में समिति के 310 आजीवन सदस्यों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन राजेश कुमार कश्यप ने एवं आभार प्रदर्शन योगेश्वर पाटनवर ने किया। उक्त जानकारी राजेश कुमार कश्यप ने दी।

### कमाने का लालच देकर सट्टा खिलाते आरोपी गिरफ्तार

**लोरमी।** लोगों को पैसा कमाने का लालच देकर व्हाट्सअप



के माध्यम से अंकों पर सट्टा खिलाते आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर सट्टापट्टी सहित कुल 43 हजार 700 रूपए का सामान जब्त कर लिया। लोरमी पुलिस एवं साइबर सेल ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम गोविन्दपुर प्राथमिक स्कूल के पास अंकों पर हार जीत का दांव लगाकर सट्टा खिलाते आरोपी जगदीश पाटले पिता स्व भोकई उम्र 55 वर्ष निवासी बिजराकापा खुर्द को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सट्टापट्टी, 5 हजार 7000 नकद, 2 नग मोबाइल कीमती 13 हजार रूपए, 1 मोटरसायकल कीमती 25 हजार सहित कुल 43 हजार 700 रूपए का माल जब्त कर लिया। आरोपी जगदीश पाटले के विरूद्ध धारा 6 छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में जेल दाखिल किया गया।

### नवोदय विद्यालय में गर्ल्स हॉस्टल का भूमिपूजन



**मल्हार।** जवाहर नवोदय विद्यालय मल्हार में रविवार को नए गर्ल्स हॉस्टल भवन का भूमिपूजन किया गया। गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण नवोदय विद्यालय समिति द्वारा किया जा रहा है। इस हॉस्टल में 72 बेड होंगे तथा यह लगभग 3 करोड़ की लागत से निर्मित बनेगा। हॉस्टल के निर्माण की समय अवधि 6 से 7 माह तय की गई है। विद्यालय में लंबे समय कन्या हॉस्टल की आवश्यकता महसूस हो रही थी, अब नए भवन के निर्माण के बाद छात्राओं को बड़ी राहत मिलेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य पीसी झा, शिक्षक गोविंद पांडे, एमके मिश्रा, सीपी साहू, अवर दीप बनर्जी मौजूद थे।

### सड़क हादसे की मृतका के परिवार को दी गई सहायता राशि



**रतनपुर।** नगर के वार्ड क्रमांक 1 जोगी अमराई में शनिवार रात हुई सड़क दुर्घटना में 22 वर्षीय युवती खुसबू सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। युवती एसबीआई कियोस्क सेंटर में कार्यरत थी। मृतका एक साधारण परिवार से आती थी, जिसके घर में सब रोजी-मजदूरी करने वाले हैं। परिवार की दयनीय स्थिति को देखते हुए थाना प्रभारी निलेश पांडे और पार्षद मनोज पाटले के अथक प्रयासों के बाद तहसीलदार शिल्पा भगत के द्वारा मृतका के परिजनों को 25 हजार रुपए की नगद सहायता राशि प्रदान की गई।

## 1 घंटे बाद बिना पानी के मौके पर पहुंचा दमकल

# खलिहान में लगी आग, कड़ी मशक्कत के बाद बची फसल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार



शनिवार की रात नगर के वार्ड क्र 15 के एक खलिहान में आग लगने से पैरे का 2 ढेर जलकर राख हो गया। खलिहान में किसान की 100 कट्टी धान भी रखी थी, जो आसपास के लोगों की तत्परता से सुरक्षित बचा ली गई।

इस पूरे घटनाक्रम ने नगर पंचायत की दमकल व्यवस्था की पोल भी खोल कर रख दी, सूचना के बाद भी समय पर दमकल की गाड़ी नहीं पहुंची। लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दरअसल यह घटना शनिवार शाम 7 से 8 के बीच का है। वार्ड 15 में किसान माखन साहू के खलिहान में रखी 2 एकड़ धान की फसल के पास पैरे में शाम के समय अचानक पैरा में भीषण आग लग गई, आसपास के लोग भयंकर आग देखकर मदद के लिए पहुंचे और दमकल को सूचना दी गई, लेकिन एक घंटे बाद भी दमकल की टीम मौके पर नहीं पहुंची।

**दमकल की खस्ताहालत**

खलिहान दो घरों के बीच में था इसलिए जल्दी आग बुझाने की चुनौती थी। इस बीच दमकल की आवश्यकता पड़ी तो पता चला कि नगर पंचायत के दमकल में बैटरी नहीं है, उसको खींच कर चालू करने के लिए नगर पंचायत का ट्रेक्टर भी बैटरी विहीन था। इसलिए पहले ट्रेक्टर को धकेल कर स्टार्ट करना पड़ा और फिर उसी ट्रेक्टर से दमकल को खींच कर स्टार्ट किया गया।

**हजारों का नुकसान**

जब दमकल की गाड़ी चालू हुई तो पता चला उसमें लाइट भी नहीं जल रही है। ट्रेक्टर की लाइट के सहारे दमकल खलिहान तक पहुंच तो गया, दमकल के टैंक में पानी नहीं था। आनन-फानन में बिजली विभाग के कर्मचारियों को बुलाकर क्षेत्र की लाइट काट कर दमकल में पानी भरा गया, फिर आग बुझाई गई। तब तक किसान का हजारों रुपए का नुकसान हो गया था।



# तोखन ने कंतेली स्कूल के लिए स्वीकृत कराए साढ़े 4 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता और जड़ों से जुड़े नेतृत्व का एक प्रेरणादायक उदाहरण सामने आया है। केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू की विशेष पहल और निरंतर प्रयासों से मुंगेली जिले के विखं लोरमी स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय कंतेली के समग्र विकास के लिए 4 करोड़ 54 लाख 15 हजार की राशि स्वीकृत की गई है।

ज्ञात हो कि, यह वही सरकारी विद्यालय है, जहां से तोखन साहू ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की थी। यह स्वीकृति कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनी एसईसीएल ने अपने सीएसआर की मद से प्रदान की है। परियोजना का उद्देश्य विद्यालय को एक आदर्श स्कूल के रूप में विकसित करना है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को आधुनिक, सुरक्षित एवं समावेशी शिक्षा का वातावरण उपलब्ध हो सके। स्वीकृत परियोजना के तहत विद्यालय में आधुनिक एवं आवश्यक आधारभूत संरचनाओं का निर्माण, विद्यार्थियों अनुकूल कक्षाओं का विकास, समावेशी शिक्षण सुविधाओं की व्यवस्था तथा आवश्यक शैक्षणिक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। यह पहल केवल एक विकास परियोजना नहीं, बल्कि संवेदनशीलता, कृतज्ञता और सामाजिक दायित्व का जीवंत उदाहरण है। निर्माण का आधार है।

- जिस स्कूल में पढ़े, उसे विकसित करने की पहल

## आवारा कुत्तों से संबंधित घटनाओं को लेकर हुई समीक्षा बैठक



**पथरिया।** कलेक्टर कुंदन कुमार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिपं प्रभाकर पांडेय के निर्देशानुसार 13 दिसंबर शनिवार को जनपद पंचायत पथरिया के मंगल भवन में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता जनपद सीईओ प्रदीप प्रधान ने की। बैठक में डॉ आरएम त्रिपाठी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर शीलमणि पांडेय, विखं पशु चिकित्सा अधिकारी, कमलेश मिश्रा जिला अंकेक्षक ने सभी पंचायत सचिवों तथा पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के प्रभावी, समन्वित एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा कुत्तों से संबंधित व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करना, जन-सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करना रहा।

## पेंशनर्स संघ की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय



**मस्तूरी।** आगामी 17 दिसंबर को रायगढ़ के पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजित होने वाले पेंशनर्स डे कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर पेंशनर संघ की बैठक आयोजित की गई। पेंशनर्स डे कार्यक्रम में 80 वर्ष से ऊपर के पेंशनरों को शाल, श्रीफल व मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। इस बैठक में डीआर अवस्थी कार्यकारी अध्यक्ष, गोकर्ण शर्मा कोषाध्यक्ष, चेतन थवाईत सचिव, तहसील मस्तूरी अध्यक्ष शेषनारायण गुप्ता, सीपत गणेश यादव, राजकुमार मिश्रा, विजय कुमार पांडे, अकतराम सिन्हा के साथ ही साथ पेंशनर संघ के एस शर्मा, शिव सिंह, राजेश तिवारी, आर्यन राजपूत सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वित्तमंत्री ओपी चौधरी होंगे।

## योग प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए तखतपुर के नागरिक



**तखतपुर।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार में 5 से 9 दिसंबर तक आयोजित मुख्य योग शिक्षक शिविर में रोहन सिंह ठाकुर भारत स्वाभिमान न्यास तहसील प्रभारी के मार्गदर्शन में 4 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इसके तहत मुख्य योग शिक्षक के रूप में हरि सिंह राजपूत, राजेश नाथ योगी, दीपक वैष्णव ने हरिद्वार जाकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में छत्तीसगढ़ से 135 प्रतिभागी शामिल हुए। इस दौरान गुजरात, गोवा ,पश्चिम बंगाल, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र सहित विभिन्न राज्यों से कुल 500 प्रतिभागियों ने योग प्रशिक्षण में भाग लिया। मुख्य केंद्रीय प्रभारी स्वामी परमार्थ देव ने सभी प्रतिभागियों को गांव-गांव में शिविर लगाकर जन-जन तक योग पहुंचाने का संकल्प दिलाया। योग गुरु स्वामी रामदेव ने योग के माध्यम से स्वदेशी, स्वस्थ रहना, समृद्धि शक्तिशाली और स्वच्छ भारत निर्माण पर विस्तृत चर्चा की गई। उक्त जानकारी रोहन सिंह ठाकुर योग प्रशिक्षक ने दी।

# चोरी की बाइक सहित आरोपी गिरफ्तार, जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

बाइक की चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस से मिली जानकरी के अनुसार पथरिया थाना क्षेत्र के ग्राम ढोंढापुर खरपी निवासी नवीन बरैहा ने 16 नवंबर की रात घर से अपनी बुलेट बाइक चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई।पुलिस ने मामले मे अपराध दर्ज कर जांच शुरू की एवं अज्ञात चोर की पतासाजी के लिए क्षेत्र में मुखबिर तैनात किया गया।

12 दिसंबर शुक्रवार को पुलिस को सूचना मिली कि, नगर से थोड़ी दूर भूलन-भरेवा मोड़ के पास एक व्यक्ति बुलेट सीजी 10 बीजी 5314 को बिक्री के लिए लेकर घूम रहा है। सूचना पर पथरिया थाना प्रभारी प्रसाद सिन्हा टीम के साथ मौके पर पहुंचे एवं घेराबंदी कर बुलेट चालक शिवा राजपूत को गिरफ्तार कर लिया। थाना लाकर पूछताछ करने पर आरोपी ने गाड़ी को चोरी करने की बात स्वीकार कर ली। पुलिस ने बताया कि, आरोपी शिवा राजपूत पिता सनत राजपूत उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम जोता वर्तमान में विश्कर्मा चौक



बिलासपुर थाना सरकंडा मे रहता है। आरोपी कुछ दिन पहले अपने गृहग्राम जोता दशगात्र में आया हुआ था। इसी दौरान उसने चोरी की घटना को अंजाम दिया। आरोपी के खिलाफ धारा 303 (2) के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया।

खेत की फसल काटने को लेकर हुआ था खूनी संघर्ष

# जमीन विवाद पर हत्या, तीन गिरफ्तार, 1 आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जमीन विवाद को लेकर हुई हत्या के 3 आरोपियों को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। परमहंस वार्ड मुंगेली निवासी प्रफुल सोनकर पिता रोहित उम्र 21 वर्ष ने अपने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि, 11 दिसंबर को दोपहर करीब 3.30 बजे गेंदलाल सोनकर ने उसे फोन कर बताया कि, नेवासपुर में उसके खेत की फसल झम्मन सप्रे तथा इसके परिवार के लोग काट रहे हैं। इस पर प्रफुल सोनकर अपने भाई अजीत सोनकर, निखिल सोनकर, मां पूर्णिमा सोनकर, दादा जनक सोनकर के साथ नेवासपुर स्थित खेत पहुंचे और झम्मन सप्रे सहित अन्य को फसल काटने से मना किया।

इस पर झम्मन सप्रे, विमल सप्रे, दूजराम सप्रे एवं द्वारिका सप्रे ने प्रफुल सोनकर के परिवार के लोगों को मां बहन की गाली देने लगे एवं जान से मारने की नीयत से लाठी, डंडा एवं लोहे के रॉड से हमला कर दिया। मारपीट के दौरान प्रफुल के दादा जनक सोनकर को सीने, पेट एवं सिर में गहरी चोट आई, जिन्हें ईलाज के लिए जिला अस्पताल मुंगेली में भर्ती कराया गया। रिपोर्ट पर 11 दिसम्बर रात 7.53 बजे थाना सिटी कोतवाली में धारा 296,115(2),351(3),3(5) बीएनएस के तहत पंजीबद्ध



पुलिस गिरफ्त में हत्या के आरोपी।

कर विवेचना मे लिया गया।इसी दौरान अस्पताल में भर्ती जनक सोनकर की देर रात मृत्यु हो गई। मामले में आरोपियों के खिलाफ हत्या की धारा 103 (1) बीएनएस जोड़कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस ने आरोपी झम्मन लाल सप्रे पिता स्व भीखु राम उम्र 54 वर्ष, दुजेराम सप्रे पिता सिखु राम उम्र 55 वर्ष, द्वारिका सप्रे पिता झम्मन उम्र 18 वर्ष निवासी नेवासपुर थाना मुंगेली को हिरासत में लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त टंगिया, लाठी, लोहे का रॉड को गवाहों के समक्ष जप्त कर तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। नहीं प्रकरण के फरार आरोपी विमल सप्रे की तलाश लगातार जारी है।

## भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

# कोई भी पद छोटा या बड़ा नहीं होता: टिकरिया

**मुंगेली।** भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने के बाद राहुल टिकरिया राज्य को सभी जिलों में 'जय जोहार' कार्यक्रम अंतर्गत भेंट-मुलाकात का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में टिकरिया का जिले में आगमन हुआ, जहां जिला महामंत्री अमितेश आर्य के नेतृत्व में आतिशबाजी के साथ बाइक सायकल रैली निकाल कर उनका स्वागत किया गया।

इसी तरह मंडी के पास राकेश साहू व सौरभ बाजपेयी, महाराणा प्रताप चौक पड़ाव में अनुराग सिंह, धनराज सिंह के नेतृत्व में मंच बनाकर पुष्पाहार एवं गजमाला पहना कर राहुल टिकरिया का स्वागत किया गया। इसके बाद राहुल टिकरिया जिला भाजपा कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने पंडित दीनदयाल, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित किया। इस दौरान स्वागत भाषण जिला महामंत्री अमितेश आर्य ने दिया। जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने कहा कि, युवा तरुणाई भाजपा का आधार स्तम्भ है। राहुल टिकरिया ने कहा कि, कोई भी पद छोटा या बड़ा नहीं होता है। भारतीय जनता पार्टी प्रत्येक कार्यकर्ता के कार्यों का अवलोकन करती है, और कब किसको कहां कौन से दायित्व में पहुंचा दे, यह पार्टी स्वयं आंकलन करती है। इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को मन लगाकर पार्टी के कार्यों को करना चाहिए। विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि, युवा मोर्चा भारतीय जनता पार्टी का प्रथम मोर्चा है। युवाओं का जोश, कर्मठता और समर्पण पार्टी को मजबूती प्रदान करती है। जिला महामंत्री अमितेश आर्य, सौरभ बाजपेई, अनुराग सिंह, धनराज परिहार द्वारा राहुल टिकरिया को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम का संचालन यश गुप्ता ने किया एवं राकेश साहू ने धन्यवाद ज्ञापित दिया। किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद लखन साहू, प्रदेश कार्य समिति सदस्य गिरीश शुक्ला, जिला महामंत्री कैलाश सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेश पाठक, वरिष्ठ नेता द्वारिका जायसवाल, नगर पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष सुनील पाठक, शिवकुमार बंजारा, लोकनाथ सिंह, जिला रामशरण यादव, वीनू पांडे, अशोक निर्मलकर, महेंद्र गुप्ता, देवेंद्र केशरवानी, कोटू दादवानी, महावीर सिंह, युवा मोर्चा के सभी मंडल के मंडल अध्यक्ष उनके पदाधिकारी तथा भाजपा मंडल के सभी अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में शामिल भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष।

**न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)**

**ईश्तहार**

क्रमांक क/वा/नजूल/2025
मुंगेली, दिनांक 09.12.2025

श्री रमेश जायसवाल पिता स्व.श्री होरीलाल जायसवाल, निवासी मोहल्ला शंकर वार्ड मुंगेली, तहसील मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)..आवेदक

बनाम

छ.ग. शासन.....अनावेदक

इस सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक श्री रमेश जायसवाल पिता स्व. श्री होरीलाल जायसवाल, निवासी मोहल्ला शंकर वार्ड मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा नगर मुंगेली के मोहल्ला शंकर वार्ड मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नंबर 39-ए. प्लाट नं. 217. क्षेत्रफल 155 वर्गमीटर का नजूल कर निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालो को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 23.12.2025 को दिन के 11:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्यार/अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नहीं होगा।

आज दिनांक 09.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, मुंगेली (छ.ग.)

### क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ आज, तैयारी पूरी



**सीपत।** सीपत क्षेत्र में 15 दिसंबर से क्षेत्र के इतिहास का सबसे बड़े रात्रिकालीन प्लास्टिक बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू होने जा रहा है, जिसकी तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। पहली बार श्रीपतेश्वर महादेव मंदिर चमेटा तालाब स्थित मैदान में आयोजित हो रहे इस टूर्नामेंट को ऐतिहासिक बनाने के लिए आयोजन समिति के सदस्य पूरी शिद्दत के साथ जुटे हुए हैं।

### बिरसा मुंडा की मूर्ति स्थापना के लिए भूमिपूजन आज



**लोरमी।** वनग्राम बिसौनी में 'प्रयास अ स्मॉल स्टेप' फाउंडेशन की ओर से संचालित प्रयास वनवासी पाठशाला में जल, जंगल जमीन के रक्षक महान जननायक धरती आबा बिरसा मुंडा की मूर्ति स्थापना हेतु भूमिपूजन 15 दिसम्बर सुबह 10 बजे संस्था के सदस्यों की मौजूदगी में किया जाएगा। मूर्ति स्थापना का उद्देश्य मूर्ति स्थापना का उद्देश्य बच्चों को बिरसा मुंडा के बताए मार्ग पर चलने हेतु प्ररित करने है।

## निधन

### उमा शर्मा



**बिलासपुर।** सरकंडा निवासी उमा शर्मा (देवरी वाले) का 14 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 14 दिसंबर रविवार को सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. अर्जुन धर शर्मा की धर्मपत्नी थीं।

### पंचमती रजक



**बिलासपुर।** मंगला वार्ड क्रमांक 13 निवास पंचमती रजक का 14 दिसंबर को निधन हो गया। वे 65 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 15 दिसम्बर को सुबह 9 बजे मंगला स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे सीताराम रजक, लक्ष्मी और कमल रजक की माता थीं।

### मन्नूलाल चौहान



**मल्हार।** कृष्ण नगर मल्हार स्थित सिंचाई विभाग के सेवानिवृत्त अमीन मन्नू लाल चौहान का 83 वर्ष की आयु में रविवार को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे अमित सिंह, अजीत सिंह और बबीता के पिता, डोलमानी सिंह चौहान, मुकेश सिंह चौहान, राजेंद्र सिंह चौहान के चाचा एवं गणेश प्रताप चौहान के छोटे दादा थे।

### नीरा देवी दिवाकर



**मुंगेली।** नीरा देवी दिवाकर पति गोफेलाल दिवाकर का 65 वर्ष की आयु रविवार 14 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे निधन हो गया। वे डॉ भीमराव अम्बेडकर संस्थान के अध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर की मां थीं। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम खूंटा में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्वजातीजन एवं नागरिक उपस्थित रहे।

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ /वाचक/अति-कले/2025
बिलासपुर, दिनांक 03.12.2025

श्री विकास भार्गव आत्मज श्री पुरूषोत्तम भार्गव उम्र 26 वर्ष निवासी बिरकोना थाना कोनी बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं कुमारी वर्षा विश्वकर्मा आत्मजा श्री जितेन्द्र विश्वकर्मा उम्र 22 वर्ष निवासी बिरकोना थाना कोनी बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 08.01.2026 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।



विकास भार्गव



वर्षा विश्वकर्मा

विवाह अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### इमारती लकड़ी शीशम के पेड़ों पर चल रही कुल्हाड़ी

**बिलासपुर।** वन मंडल बिलासपुर के कोटा वन रेंज में इमारती लकड़ी शीशम के पेड़ों पर खुलेआम कुल्हाड़ी चलाई जा रही है, जिसे रोकने वाला कोई नहीं है। पिछले दिनों कोटा वन परिक्षेत्र में एक फारेस्ट गार्ड के गाड़ी में लाल बत्ती लगाकर अवैध वसूली का मामला अभी तक थमा नहीं है। अब उसी फारेस्ट गार्ड के क्षेत्र में इन दिनों शीशम की इमारती लकड़ी की धड़ल्ले से कटाई की जा रही है। कोटा के ग्राम पंचायत सलका रेंज में शीशम के कई बड़े-बड़े पेड़ों पर कुल्हाड़ी चला दी गई है, जिसकी भनक वन विभाग के किसी भी अधिकारी व कर्मचारियों को नहीं है। इस संबंध में कोटा क्षेत्र के एसडीओ अनिल भास्करन का कहना है कि लकड़ी कटाई की जांच कराने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सूने मकान से जेवर नकद ले उड़े चोर

**बिलासपुर।** चोरों ने एक सूने मकान में धावा बोलकर सोने के जेवर व नकद रकम की चोरी कर ली है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, 27 खोली विकास नगर निवासी श्रद्धा सिंह ठाकुर पति रविन्द्र सिंह 2 दिसंबर को घर के दरवाजे में ताला लगाकर अपने गांव मुंगेली पवनी चली गई थी। 13 दिसंबर को उनके किराएदार ने फोन में सूचना दी। उनके मकान में चोरी हो गई है। वे वापस घर लौटीं तो ताला टूटा मिला और अंदर में सामान अस्त व्यस्त थे। घर से सोने का हार, सोने की अंगूठी, 10 रुपए की गड्डी 1 हजार रुपए चोरी हो गई थी। सूचना पर पुलिस घर का मुआयना कर उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### कुत्ता काटने के विवाद में युवक पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** कुत्ता काटने के विवाद में एक युवक के साथ मारपीट कर चाकू से जानलेवा हमला किया गया है। पीड़ित को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। सीपत पाण्डेयपुर निवासी शिवकुमार सूर्यवंशी ने बताया, उनके पड़ोसी राजकुमार सूर्यवंशी ने कुत्ता पालकर रखा है। 14 दिसंबर को उनका पालतू कुत्ते ने उनके परिवार के बच्चे व बुजुर्ग को काट लिया। उनका बेटा संत कुमार सूर्यवंशी 24 साल पड़ोसी के घर शिकायत करने गया तो कमल सूर्यवंशी, कमलेश, अमन व अन्य पड़ोसियों विवाद कर गाली गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर पड़ोसियों ने संत कुमार के साथ मारपीट कर चाकू से जानलेवा 7 वार कर दिया है। गंभीर अवस्था में उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

### महिला से दैहिक शोषण सरपंच पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** पति को छोड़कर अलग रह रही महिला से दैहिक शोषण करने वाले सरपंच के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। चकरभाठा टीआई उमेश साहू ने बताया कि क्षेत्र की रहने वाली एक महिला पति को छोड़कर अकेले रह रही थी। एक साल पहले बोड़सरा के सरपंच संजय सूर्यवंशी से महिला की जान पहचान हुई। शादी करने का आश्वासन देकर पिछले एक साल से वह दैहिक शोषण करने लगा। अब उसने महिला से दूरी बना ली है और उसका मोबाइल नहीं उठा रहा है। पीड़ित महिला ने घटना की शिकायत चकरभाठा थाने में की। चकरभाठा पुलिस ने शून्य में सरपंच के खिलाफ बीएनएस की धारा 64, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर घटनास्थल बिल्हा थाना क्षेत्र होने से डायरी बिल्हा थाना भेज दिया है।

---

**एशियन डेवलपमेंट बैंक से मिलने वाली मदद खत्म** | **पूरे राज्य में किया गया था सड़कों का निर्माण**

# पीडब्ल्यूडी का एडीबी विंग बंद, छह माह से फंड भी नहीं मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



एशियन डेवलपमेंट बैंक द्वारा राज्य में बनाई जा रही सड़कों का काम रोक दिया गया है।

पीडब्ल्यूडी के विंग के नाम से जाने व पहचाने वाले विभाग को पिछले 6 माह से फंड नहीं मिला है। हालत यह है कि इस विभाग में पदस्थ अधिकारियों का स्थानतरंण मूल विभाग पीडब्ल्यूडी में कर दिया गया है और अब कार्यालय में गिनते के कर्मचारी बच गए हैं। खास बात यह है कि एडीबी विंग द्वारा 15 जिलों में करीब 55 से अधिक सड़कों का निर्माण पिछले 8 साल के भीतर में कराया गया है। एशियन डेवलपमेंट बैंक के लोन द्वारा पिछले 8 सालों में प्रदेश के भीतर शानदार सड़कें बनाई गई हैं, इन सड़कों की गुणवत्ता देखकर हर किसी को यह अंदाजा लग जाता है कि इन सड़कों को बनाने वाले एजेंसी एडीबी विंग ही है। सड़क की गुणवत्ता और टिकाउपन के चलते ही एक के बाद एक राज्य भर में तीन बार लोन मिल चुका है, और 50 से अधिक सड़कों का निर्माण कराया गया है। खास बात यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों को बाजार, स्वास्थ्य सुविधाओं और स्कूलों से जोड़ने में इन सड़कों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, इससे स्थानीय रोजगार बढ़ा है और लोगों के जीवन स्तर पर सुधार भी होने लगे हैं, लेकिन लोन 4 योजना के बाद एशियन डेव्लपमेंट बैंक ने फंड रोक दिया है। विभाग में अब कर्मचारियों और अधिकारियों को मूल विभाग में भेज दिया गया है, यही कारण है कि एडीबी का कार्यालय अब विरान हो चुका है। उच्च अधिकारियों के अनुसार आगामी दिनों में इस विभाग के शुरू होने की भी संभावनाएं भी खत्म हो चुकी हैं।

### भ्रष्टाचार उजागर होते ही लगा था बट्टा

खास बात यह है कि पिछले 8 सालों से राज्य की कई मुख्य सड़कों को सीधे तौर पर ग्रामीण अंचलों में जोड़ने में एडीबी विंग ने बड़ी कामयाबी पाई थी। हर साल 3 हजार करोड़ का लोन इस विंग को मिलता रहा है, लेकिन साल 2020 में बालोद 62 करोड़ रूपए और लोरमी से रतनपुर के बीच बनाई गई 106 करोड़ की सड़कों पर घटिया निर्माण और भ्रष्टाचार का आरोप लगा चुका है हालांकि इन आरोप पर पुख्ता तौर पर कुछ भी सामने नहीं आया है। लेकिन इससे विभाग की छवि पर बट्टा जरूर लग चुका है।

### इन सड़कों का किया गया है निर्माण

रायपुर के टिकरापारा, धमतरी रोड, जांजगीर-चांपा में जैजैपुर-मालखरौदा-गोबरभाठा रोड, रायगढ़ में बकरूमा-लैंलूंगा रोड और कोरबा में पाली से सिल्ली रोड सड़क एडीबी द्वारा बनाई गई है। सक्ती-टूंडरी रोड, लोरमी-पैजनिया-मशाना-जरहा रोड, रायगढ़ में धरमजयगढ़-कापू रोड, और करूभाठा-रक्सापाली-कछार-उरसुत-तारापुर से पुटकापुरी होते हुए सुपारोड, रायपुर-बलौदाबाजार और महासमुंद जिले की घोटिया- पलारी-चिखली-सामोढा - अछोला - तुमगांव रोड शामिल है।बिलासपुर के मंगला-भैंसाझार रोड, डोंगरगांव-खुज्जी- पिंकापार-जेवराताला रोड, छुईखदान-उदयपुर-बुंदेली जैसी सड़कों का निर्माण एडीबी विंग द्वारा किया गया है।

### 6 माह से फंड नहीं मिला है

विभाग को पीडब्ल्यूडी के साथ मर्ज कर दिया गया है, जितने कर्मचारी और अधिकारी थे सभी पीडब्ल्यूडी के थे। 6 माह से फंड नहीं मिला है। कार्यालय भी हटा लिए गए है।

**-पंकज मोहन कश्यप**, नोडल अधिकारी, एडीबी

---

**एक-एक बूंद पानी को तरस रहा तालाब, बीच में नाममात्र पानी, जहां मछलियां पकड़ रहे लोग**

# साढ़े छह करोड़ खर्च और 'मैदान' बन गया जतिया तालाब, सोलर पैनल का नहीं मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



जतिया तालाब का नहीं हो रहा रख-रखाव, पानी नहीं होने से सूख रहा तालाब।

कस्तूरबा नगर स्थित जतिया तालाब के सौंदर्यीकरण पर साढ़े छह करोड़ रूपए खर्च किए गए थे। सौंदर्यीकरण को अभी केवल दो साल ही हुए हैं, और पूरी तरह सूखकर मैदान का रूप ले चुका तालाब बूंद-बूंद पानी को तरस रहा है। दो खंड में बंटे तालाब के एक कोने में कुछ गंदा पानी जमा है, जहां लोग फिलहाल मछलियां पकड़ रहे हैं। तालाब की हालत ऐसी है कि शहरवासी तो दूर, मुहल्ले के लोग भी यहां नहीं जाना चाहते।

शहर के बीचोंबीच लोगों को मॉर्निंग वॉक, शाम को ठंडी हवा में टहलने व बच्चों के मनोरंजन के उद्देश्य से कस्तूरबा नगर स्थित जतिया तालाब का सौंदर्यीकरण किया गया था। सौंदर्यीकरण के नाम पर लगभग साढ़े छह करोड़ रूपए खर्च किए गए थे। जानकारों का तो यहां तक कहना है कि खर्च की गई कुल राशि में से साढ़े तीन करोड़ अकेले फुट कोर्ट में खर्च कर दिए गए थे। बच्चों के झूले, कसरत करने के उपकरण, तालाब भरने के लिए पानी की व्यवस्था करने प्लांट जैसे उपकरणों पर बड़ी रकम खर्च की गई थी। हालत यह है कि आज तालाब खुद बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहा है। दो खंड में बंटे इस तालाब का एक खंड तो पूरी तरह मैदान बन चुका है, वहीं दूसरे खंड के नाममात्र हिस्से में गंदे पानी का जमाव है, जहां क्षेत्र के लोग मछलियां पकड़ते नजर आ जाएंगे। कुल मिलाकर तालाब के सौंदर्यीकरण के नाम पर साढ़े छह करोड़ रूपए फूंक देने की बात कही जाए तो यह गलत नहीं होगा।

### सोलर प्लांट-वाटर ट्रीटमेंट प्लांट दोनों कंडम



नाले के पानी को उपचारित कर शुद्ध पानी तालाब में भरने के लिए यहां वाटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया गया है, लेकिन इस प्लांट को ही उपचार की जरूरत है। चौकीदार का कहना है कि प्लांट अभी आठ-दस दिनों पूर्व ही खराब हुआ है, लेकिन क्षेत्र के लोगों का कहना है कि प्लांट कभी चालू ही नहीं हुआ है। हुआ भी है तो ज्यादातर खराब हालत में ही देखा गया है। इसी तरह लाईटिंग व विद्युत चलित उपकरणों के संचालन के लिए सोलर पैनल लगाए गए हैं, लेकिन इसका भी कभी लाभ नहीं मिल सका।

### पूरे दिन शराबखोरी, समूह में बैठे नजर आते हैं नशाखोर

जतिया तालाब फिलहाल शराबखोरी और चोरी का मुख्य अड्डा बना हुआ है। दिन में यहां विभिन्न प्रकार का नशा करने वाले बैठते हैं। पूरे तालाब परिसर में ग्रुप बनाकर नशेड़ी यहां अपना मनपसंद नशा करते नजर आ जाएंगे। नशाखोरों की लगातार बढ़ती संख्या को ध्यान में रखकर ही आसपास के लोग भी किसी अप्रिय घटना के बारे में सोचकर अब यहां आने से बचने लगे हैं।

### लाइट, ग्रिल, पाइप, मूर्तियां, कैमरे सब चोरी

तालाब को खूबसूरत बनाने के लिए यहां वाटर फाऊंटेन के साथ काफी लाईटिंग की गई थी। उद्घाटन के बाद शुरूआती दौर में रंग-बिरंगी लाईटें जलती भी थीं। अब यहां चोरों की नजर है। चोरों को भी पता है कि शाम होते ही यहां सूनापून रहता है, जिसका वे भरपूर फायदा उठाने लगे हैं। यहां की लाईटें चोरी चली गई हैं। यहां विभिन्न प्रकार की प्लास्टिक की मूर्तियां लगाई गई थीं, जिन्हें पूरा उखाड़कर चोर ले जा चुके हैं। लोहे की रेलिंग लगभग रोज ही गैस कटर से काटे जा रहे हैं। यहां की संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए लगाए गए 24 कैमरे ही चोरी चले गए। पानी की पाईप लाईन उखाड़कर चोरी की जा चुकी है।

### बोर कराने महापौर से कहा था, नहीं हुआः पार्षद

वार्ड पार्षद भरत कश्यप ने कहा कि छह से सात करोड़ जैसी बड़ी राशि खर्च करने के बाद भी तालाब की दुर्दशा दुर्भाग्यजनक है। तालाब खुद एक-एक बूंद पानी को तरस रहा है। उन्होंने बताया कि तालाब में पानी एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेने के संबंध में उन्होंने बारिश से पूर्व महापौर पूजा विधानी से निरीक्षण करने को कहा था। महापौर ने निरीक्षण किया था, जिनसे यहां तीन बोर कराने की मांग की गई थी। तीन बोर छह लाख रूपए में हो जाएगा, जिससे छह करोड़ का बदहाल हो चुका तालाब केवल छह लाख का बोर करने से फिर लगालब हो सकता है। महापौर ने तब बोर के लिए हामी भरी थी, लेकिन आज दिनांक तक बोर के संबंध में कोई पहल नहीं की गई।

### लिखित में कुछ नहीं आया प्रयास करेंगेः महापौर

महापौर पूजा विधानी ने बताया कि वे कुछ महीनों पहले निरीक्षण के लिए जतिया तालाब गई थीं, तब वहां की स्थिति देखकर उन्होंने शहर विधायक अमर अग्रवाल से भी तालाब को व्यवस्थित करने संबंधी चर्चा की थी। अगर पार्षद को वहां कुछ व्यवस्थाएं करवानी हैं तो मांगों को लिखित में प्रस्तुत करना चाहिए, ताकि उन पर शीघ्र अमल हो सके। महापौर ने कहा कि बात केवल बोर कराने की नहीं है। भूजल स्तर के लगातार नीचे जाने व पानी की समस्या को ध्यान में रखकर नगर निगम नए बोर कर भूजल के अनावश्यक दोहन से अब परहेज कर रहा है, लेकिन जतिया तालाब में पानी भरने के लिए कोई अन्य वैकल्पिक व्यवस्था जरूर करेंगे।

---

# चैतमा तक पहुंचा हाथी, वापसी की उम्मीद पर कर रहे चौकसी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पोंड़ी बिल्हा की ओर से भटकते हुए सीपत वन परिक्षेत्र में पहुंचा हाथी का लोकेशन वर्तमान में चैतमा पाली में मिल रहा है, लेकिन उसके वापस रास्ते से आने की उम्मीद पर वन विभाग की टीम अभी भी सीपत क्षेत्र में चौकसी कर रही है। इस दौरान ग्रामीणों को भी बाहर में आग जलाकर रखने का अनुरोध किया जा रहा है, ताकि हाथी उनके घरों और खेतों में लगी फसलों को किसी तरह का नुकसान न पहुंचाए।

■ **सीपत क्षेत्र में अलर्ट**

बिलासपुर वन मंडल के सीपत वन परिक्षेत्र और बेलतरा में पिछले 10-11 दिनों से एक हाथी विचरण कर रहा है। हाथी की सूचना मिलने के साथ ही बिलासपुर वन मंडल के एसडीओ टीआर मरई, रेंजर शुभम मिश्रा, उड़नदस्ता की टीम और सीपत व बेलतरा वन परिक्षेत्र के फारेस्ट गार्ड एवं अन्य स्टाफ मौके पर पहुंच गए हैं। इस दौरान लगातार हाथी के लोकेशन पर भी नजर रखी जा रही है। 10-11 दिनों के अंदर हाथी ने ग्रामीणों के खेतों पर लगे धान और झोपड़ियों को तोड़ दिया है। इसके अलावा हाथी के हमले से एक महिला की मौत और तीन बच्चे घायल हो गए हैं। वन विभाग के अफसरों ने मृत महिला के परिजन को 25 हजार रुपए और घायलों को 5-5 सौ रुपए तत्काल सहायता राशि तो प्रदान कर दी है, लेकिन हाथी का भय अभी भी ग्रामीणों में बना हुआ है। हाथी के हमले से बचने के लिए झोपड़ियों में रहने वाले लोगों को सामुदायिक भवन और पंचायत भवन में जाने की सलाह दी जा रही है। एक दिन पहले शनिवार की शाम तक हाथी बेलतरा के खोंदरा नेचरकैंप के आसपास देखा गया था, जिसके पग मार्ग के दिखने के बाद विभाग की टीम खोंदरा के पास बसे ग्रामीणों को अलर्ट करने में जुट गई थी। इसके बाद सूचना पहुंची कि खोंदरा से हाथी पाली के चैतमा में पहुंच गया है। खोंदरा से पाली के बीच रास्ते में उसके पर्ग मार्क कहीं भी दिखाई नहीं दिए। कटघोरा वन विभाग के अफसर हाथी के उनके क्षेत्र में होने की जानकारी तो दे रहे हैं, लेकिन बिलासपुर वन मंडल की टीम हाथी के वापसी की आशंका को देखते हुए मौके पर अभी भी डटे हुए हैं।

### वापस हो सकता है हाथी

बिलासपुर वन मंडल कें सीपत और बेलतरा क्षेत्र के बाद हाथी का पग मार्क कटघोरा वन मंडल के पाली चैतमा के जंगल में देखा गया है। इसकी सूचना संबंधित अधिकारियो को मिल गई है। हाथी के बिलासपुर मंडल से जाने के बाद भी टीम को वापस नहीं बुलाया गया है। हाथी वहां से कभी भी वापस हो सकता है, इसके कारण टीम अभी कुछ दिन मौके पर ही चौकसी करेगी। फिलहाल ग्रामीणों को भी अलर्ट रहने की सलाह दी जा रही है।

**-टीआर मरई,** एसडीओ, वन मंडल बिलासपुर

---

## लारेंस बिश्नोई केस में फंसे हो कहकर रिटायर्ड सीआरपीएफ कर्मी से 6 लाख 30 हजार की ठगी

**बिलासपुर।** लारेंस बिश्नोई केस में फंसे हो कहकर नाम हटाने के नाम पर रिटायर्ड सीआरपीएफ कर्मी से 6 लाख 30 हजार रुपए आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।



सकरी पुलिस के अनुसार, आसमा सिटी फेस 2 निवासी रिटायर्ड सीआरपीएफ कर्मी दिवाकर मण्डल पिता भूतनाथ मण्डल 61 साल ने रिपोर्ट लिखाई। 2 नवंबर को उन्हें एक व्यक्ति ने फोन कर कहा कि वह टेलीकाम आफिस से बोल रहा है। आपके आईडी से मुंबई में कनाडा बैंक में एक खाता चल रहा है। फिर उसने एक व्यक्ति से बात कराई, उसने कहा कि वह क्राइम ब्रांच मुबंई से बाल सिंह राजपूत बोल रहा है,आपका खाता मनी लांड्रिंग केस में जुड़ा हुआ है। लारेंस बिश्नोई केस में फंसे हो कहकर नाम हटाने के एवज में उनसे पैसे की मांग की गई। उसके बाद वाट्सएप के माध्यम से फोन किया और उन्हें उनका आधार कार्ड, पैनकार्ड दिखाया। डर से श्री मण्डल ने आरटीजीएस के माध्यम से 6 लाख 30 हजार रुपए उसके बताए गए बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिया। उसके बाद उक्त मोबइल नम्बर लगातार बंद आ रहा है। उसके बाद उन्हें आनलाइन ठगी के शिकार होने का अहसास हुआ। पुलिस ने श्री मण्डल की रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## मदरसा बोर्ड के फर्जी सदस्य बने पूर्व पार्षद के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** मदरसा बोर्ड के फर्जी सदस्य बनने वाले पूर्व पार्षद के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। पेंड्रा पुलिस के अनुसार, वार्ड क्रमांक 7 पेंड्रा निवासी परवेज सिद्दिकी पिता हबीबबुल्ला 57 साल ने रिपोर्ट लिखाई। इसके अनुसार नगर पेण्ड्रा के पूर्व पार्षद शाहिद राईन के द्वारा 14 सितंबर 2023 से अपने आपको को छत्तीसगढ़ राज्य मदरसा बोर्ड रायपुर का सदस्य बताकर राजकीय प्रतीक चिन्ह अशोक स्तम्भ तीन शेर दर्शाते हुए कपट पूर्वक फर्जी कुटरचित लेटर पेड बनाकर प्रयोग किया, शासकीय लोकार्पण पट्टिकाओं में स्वयं का नाम शाहिद राईन सदस्य छत्तीसगढ़ राज्य मदरसा बोर्ड रायपुर उल्लेखित कराया, साथ ही निज निवास के सामने राजकीय प्रतीक चिन्ह अशोक स्तम्भ का प्रयोग करते हुए शाहिद राईन सदस्य मदरसा बोर्ड रायपुर छत्तीसगढ़ शासन के नाम पट्टिका लगाकर आम जनता एवं शासकीय कर्मचारियों एवं अधिकारियों को धोखा दिया है। शिकायत पेंड्रा थाना प्रभारी एवं उच्च अधिकारियों को दी गई थी। शिकायत की जांच में आरोप प्रथम दृष्टिया संज्ञेय अपराध पाए जाने पर पेंड्रा पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 170 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



### गंभीर अपराध है

वरिष्ठ कांग्रेस नेता परवेज सिद्दिकी ने कहा फर्जी दस्तावेजों एवं झूठी पहचान के माध्यम से सार्वजनिक संस्थानों की गरिमा को ठेस पहुंचाना गंभीर अपराध है। ऐसे मामलों में कठोर कदम उठाए जाने चाहिए।विधि विशेषज्ञयों से चर्चा करने पर उन्होंने बतलाया, उक्त प्रकरण में आईपीसी की धारा 170 के अतिरिक्त आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 471 व राजकीय प्रतीक चिन्ह प्रतिषेध अधिनियम 2005 की धारा 3 जुड़ेगी।

## नकाबपोशों ने प्रापर्टी डीलर पर चाकू से किया हमला

**बिलासपुर।** चार बाइक व स्कूटी सवार 8 नकाबपोशों ने प्रापर्टी डीलर पर अचानक हमला कर चाकू पत्थर से हमला कर दिया है। पुलिस ने नकाबपोशों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

तारबाहर पुलिस के अनुसार, तालापारा निवासी प्रापर्टी डीलर अफजल खान पिता अमीर खान ने रिपोर्ट लिखाई। 11 दिसंबर को वे निजी काम से शिवनाथ एक्सप्रेस से नागपुर जाने के लिए दोस्त साहिल खान, आदिल खान बाइक से रेलवे स्टेशन जा रहे थे। स्टेशन के पहले विद्यांचल विश्राम गृह के सामने स्कूल के बाउंड्री के पास रात 8.45 बजे पहुंचे थे। इसी दौरान पीछे एक्टिवा सवार नकाबपोश दो युवक आए और उनकी बाइक की चाबी निकालकर रास्ता कहां जाता है पूछे। इसी दौरान तीन बाइक में 6 नकाबपोश आए और अफजल को खींचकर गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए चाकू व पत्थर से हमला कर दिया और भाग गए। पुलिस ने अफजल खान की रिपोर्ट पर जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस हमलावर नकापोशों को नहीं पकड़ पाई है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षो से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
25 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 20,500/-, 3 एसी-32,500/-, 2 एसी 38,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

## चौथी लाइन कनेक्टिविटी के लिए प्री नान इंटरलाकिंग कार्य शुरू

**बिलासपुर।** रेल मंडल बिलासपुर के बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच 206 किलोमीटर तक चौथी लाइन का निर्माण कार्य 2979 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। इसके लिए अन्य स्टेशन के बाद बाराद्वार स्टेशन पर चौथी लाइन की कनेक्टिविटी के लिए प्री नान इंटरलाकिंग कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।



हावड़ा से मुम्बई के बीच दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन में अधोसंरचना के तहत चौथी लाइन, तीसरी लाइन व अन्य कार्य किए जा रहे हैं। यह लाइन काफी महत्वपूर्ण है, जिसमें मालगाड़ियों के साथ 100 से अधिक यात्री गाड़ियों का परिचालन होता है। इस लाइन पर बिलासपुर से झारसुगुड़ा सेक्शन के बीच चौथी लाइन निर्माण कार्य तेजी से जारी है। क्षमता वृद्धि एवं परिचालन दक्षता सुधार के उद्देश्य से चल रही इस परियोजना में चांपा से खरसिया सेक्शन के बाराद्वार स्टेशन में चौथी लाइन कनेक्टिविटी हेतु प्री नानइंटरलाकिंग एवं नॉन इंटरलाकिंग कार्य प्रारंभ किया गया है। चौथी लाइन परियोजना की कुल लंबाई 206 किमी है, जिसकी अनुमानित लागत करीब 2979 करोड़ रुपए है। इस परियोजना में अब तक 140 किलोमीटर लंबी चौथी रेल लाइन का निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इस चरण में स्टेशन यार्ड का पुनसंरचना, नए टर्न आउट्स की स्थापना, ट्रैक स्लूइंग व लिंकिंग, सिग्नलिंग एवं इलेक्ट्रिकल उपकरणों का स्थानांतरण, केबलिंग, ओवरहेड संरचनाओं का समायोजन आदि कार्य शामिल है।